इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -349 राजनांदगांव, बुधवार 13 नवंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## एलएसी पेट्रोलिंग: डेमचोक-देपसांग में भारत और चीन की सेनाएं हफ्ते में एक बार गश्त करेंगी

लद्दाख । भारत और चीन की सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेमचोक और देपसांग इलाकों में हर हफ्ते एक समन्वित गश्त करने पर सहमति जताई है और वहां गश्त का एक दौर पहले ही पूरा कर लिया है। अक्तूबर के आखिरी हफ्ते में डेमचोक और देपसांग दोनों में सैनिकों की वापसी पूरी करने के बाद दोनों पक्षों ने महीने के पहले हफ्ते में समन्वित गश्त शुरू की थी। दोनों पक्षों ने देपसांग और देपसांग में हर हफ्ते एक-एक गश्त करने पर सहमति जताई है।

### दोनों क्षेत्रों में दोनों सेनाएं करेंगी एक-एक गश्त

रक्षा सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में एक गश्त भारतीय सैनिकों की तरफ से और एक गश्त चीनी सैनिकों की तरफ से की जाएगी।

दोनों पक्ष राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य स्तरों पर कई दौर की बातचीत के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी के लिए समझौते पर पहुंचे हैं। भारतीय और चीनी पक्ष इन क्षेत्रों में नियमित अंतराल पर जमीनी कमांडर स्तर की बातचीत जारी रखेंगे।

### 0 अक्तूबर में खत्म हुआ चार साल का सैन्य गतिरोध

दोनों पक्षों ने समझौतों पर पहुंचने के बाद सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया का पता लगाने के लिए सत्यापन गश्त भी की है। अक्तूबर के आखिरी हफ्ते में भारत और चीन ने चार साल के सैन्य गतिरोध के बाद पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग मैदानों में दो विवादित बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी थी।

बता दें कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद से भारत और चीन के बीच संबंध तनावपूर्ण थे, जिससे दशकों में दोनों देशों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष हुआ।

## 'अयोध्या की बुनियाद हिला देंगे..', खालिस्तानी आतंकी पन्नू की गीदड़ भभकी, राम मंदिर को दिया थ्रेट



नई दिल्ली। कनाडा की शह से खालिस्तानियों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि अब वे हिंदुओं की आस्था के सबसे बड़े केंद्र अयोध्या के राम मंदिर को निशाना बनाने की धमकी देने लगे हैं. खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी करते हुए राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी है. वीडियो में पन्नू ने कनाडा के हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भी थ्रेट दिया है.

सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) नामक आतंकी संगठन के चीफ पन्नू ने जारी विडियो में कहा, '16 और 17 नवंबर को अयोध्या के राम मंदिर में हिंसा होगी.' बताया जा रहा है कि पन्नू ने यह वीडियो कनाडा के ब्रैम्पटन में रिकॉर्ड किया है. इस वीडियो में राम मंदिर के साथ-साथ कई दूसरे हिंदू धार्मिक स्थलों के खिलाफ हिंसा भड़काने की धमकी भी दी गई है.

## राहुल गांधी की भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत, जयराम रमेश बचाव में उतरे

महाराष्ट्र। बीजेपी ने महाराष्ट्र के निवेश को गुजरात में स्थानांतरित करने के राहुल गांधी के बयान को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की है। बीजेपी ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी राज्यों के बीच दुश्मनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को पार्टी नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बचाव किया।

जयराम रमेश ने एएनआई को बताया कि महाराष्ट्र के लिए बनाई गई कई परियोजनाएं और निवेश गुजरात में स्थानांतरित कर दिए गए हैं। वे किस बारे में शिकायत कर रहे हैं? जयराम रमेश ने समाचार एजेंसी से कहा कि राहुल गांधी ने क्या कहा है? ये बात तो हर किसी ने कहा है।

### महाराष्ट्र के साथ भेदभाव का आरोप

अखबारों में छपा है कि कई परियोजनाएं और निवेश जो महाराष्ट्र में आने वाले थे, उन्हें पीएम ने गुजरात स्थानांतरित कर दिया है। हमने यही कहा है कि आपने महाराष्ट्र के साथ भेदभाव किया है। उन्होंने कहा, आप (भाजपा) सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं। इसलिए, सभी राज्यों में विकास लाएं।

कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव और राज्यसभा सांसद ने कहा कि जो लोग महाराष्ट्र में निवेश करना चाहते हैं, उन्हें गुजरात जाने की धमकी नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि पूर्व राज्य में पहले से ही बुनियादी ढांचा मौजूद है। 'जो लोग महाराष्ट्र में निवेश करना चाहते हैं, आप उन्हें धमकी नहीं दे सकते और उन्हें गुजरात जाने के लिए नहीं कह सकते।

अगर गुजरात को परियोजनाओं के लिए निवेश मिलता है तो हम स्वागत करेंगे, लेकिन उन लोगों को न रोकें जो महाराष्ट्र में निवेश करना चाहते हैं, जिनके पास बुनियादी ढांचा है। यह राहुल गांधी ने कहा है और इस पर डेटा भी उपलब्ध है। रमेश ने महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव जीतने का भी भरोसा जताया और कहा कि पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगियों को स्पष्ट जनादेश मिलेगा।

## शाहरुख खान को धमकी देने वाला आरोपी फैजान गिरफ्तार, आज कोर्ट में पेशी

रायपुर (दावा)। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी फैजान खान को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी अजय सिंह ने उसकी गिरफ्तारी की है। इस संबंध में रायपुर पुलिस को जानकारी दे दी गई है।

0 आज कोर्ट में पेश करेगी पुलिस

मामले में मुंबई पुलिस आज रायपुर पहुंची। फैजान को अरेस्ट करने की ट्रांजिट रिमांड के साथ मंगलवार सुबह 11 बजे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले आरोपी ने कहा कि वो बांदा पुलिस थाने में अपना बयान दर्ज कराने मुंबई जाएगा। वहीं आरोपी को लगातार धमकी मिल रही थी। इसकी वजह से उसने मुंबई पुलिस कमिश्नर को आवेदन देकर लिखा कि वह व्यक्तिगत रूप से नहीं ऑनलाइन माध्यम से पेश होना चाहता है।

0 इन धाराओं में मामला दर्ज

इसके पूर्व आरोपी ने कहा था कि उसका फोन पांच दिन पहले दो नवंबर को चोरी हो गया था। इस संबंध में मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल खत्म : सीएम साय की पहल पर वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर समिति कर्मचारियों की 6 वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा 24 घंटे के भीतर पूर्ण करते हुए समिति कर्मचारियों के वेतन और भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गयी। इसके साथ ही अन्य 2 मांगों के संबंध में शासन स्तर पर अंतर्विभागीय समिति का गठन कर उचित कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के पहल पर वर्ष 2018 के बाद पहली बार सहकारी समितियों के लगभग 13 हजार कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कर्मचारियों की मांगों पर स्वयं संज्ञान लेकर इनके निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये थे, इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष 10 नवम्बर को विभागीय अधिकारियों के साथ सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांगों के शीघ्र निराकरण के संबंध में निर्देश दिये।

- 6 साल से लंबित मांग 24 घंटे के अंदर हुई पूरी
- महासंघ ने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया

### 0 समिति के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि

मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में आयुक्त सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी समिति कर्मचारी सेवानियम में संशोधन किये जाने के आदेश 11 नवम्बर 2024 को जारी कर दिये गए। इसमें समिति के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## एयरपोर्ट पर उद्धव ठाकरे की चेकिंग पर विवाद

### संजय राउत ने उठाए सवाल, सीएम शिंदे बोले- 'सबके बैग चेक होते हैं

यवतमाल। महाराष्ट्र के चुनावी माहौल में उद्धव ठाकरे के बैग की चेकिंग का मुद्दा गरमा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे जब सोमवार को यवतमाल पहुंचे, तो उनके बैग की रूटीन चेकिंग की गई। यवतमाल के वनी एयरपोर्ट पर बैग चेकिंग को लेकर उद्धव ठाकरे का गुस्सा भड़कने गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग के अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका बैग तो चेक किया जा रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह के बैग क्यों नहीं चेक होते।

इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई है। शिवसेना और शिंदे गुट के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू कर दिया है। शिवसेना के नेता संजय राउत ने सवाल उठाया कि क्या दूसरे बड़े नेताओं के बैग भी इसी तरह चेक होते हैं। संजय राउत ने सरकार पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## आज झारखंड की 43 सीटों पर पहले चरण की वोटिंग, पूर्व सीएम चंपाई समेत 683 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर

रांची। झारखंड में लोकतंत्र के महापर्व का आगाज 13 नवंबर को हो रहा है. राज्य में दो चरणों में विधानसभा चुनाव संपन्न होने हैं. पहले चरण में 43 सीटों के लिए 13 नवंबर और दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा. चुनाव परिणाम 23 नवंबर को महाराष्ट्र के साथ ही आएंगे. झारखंड में मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी, 2025 को समाप्त हो रहा है. मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा. हालांकि, 950 बूथ ऐसे भी हैं, जहां मतदान का समय शाम 4 बजे तक के लिए ही होगा.

पहले चरण की 43 सीटों के लिए 15344 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 200 कंपनियां तैनात की गई हैं. निर्वाचन आयोग के मुताबिक झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में कुल 683 उम्मीदवार मैदान में होंगे. इनमें 73 महिला उम्मीदवार भी शामिल हैं. पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों में से 17 सामान्य हैं, जबकि 20 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए और 6 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं.

झारखंड के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर रवि कुमार ने आजतक से खास बातचीत में कहा, %झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. संवेदनशील इलाकों में पोलिंग *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## जालसाजी मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर और अभिषेक वर्मा बरी

नयी दिल्ली, 12 नवंबर (वार्ता) दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर और विवादास्पद हथियार डीलर अभिषेक वर्मा को धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में बरी कर दिया।

यह मामला एक जाली पत्र से जुड़ा है जिसका इस्तेमाल चीनी दूरसंचार अधिकारियों को वीजा विस्तार का आश्वासन देने के लिए किया गया था।

सांसद एवं विधायक (एमपी/एमएलए) मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद बरी करने का आदेश सुनाया और कहा, %सम तिथि के अलग-अलग फैसले के अनुसार आरोपी नंबर एक अभिषेक वर्मा और ए-2 जगदीश टाइटलर को बरी किया जाता है क्योंकि अभियोजन पक्ष मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। दोनों आरोपियों द्वारा प्रस्तुत जमानत बांड रद्द किए जाते हैं और दोनों आरोपियों के जमानतदार भी मुक्त किए जाते हैं।

आरोप है कि अभिषेक वर्मा और *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## सतह पर मार करने वाली लंबी दूरी की क्रूज़ मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से सतह पर मार करने वाली लंबी दूरी की क्रूज़ मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण किया।

परीक्षण के दौरान, सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया और प्राथमिक मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी उड़ान पथ की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए आईटीआर द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर द्वारा की गई थी। बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है।

मिसाइल को अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ-साथ वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान, बेंगलुरु द्वारा विकसित किया गया है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, हैदराबाद और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु इसके दो विकास-सह-उत्पादन-साझेदार हैं और वे मिसाइल विकास और एकीकरण में लगे हुए हैं। इस परीक्षण को विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ-साथ तीनों सेनाओं के प्रतिनिधियों, सिस्टम के उपयोगकर्ताओं ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## ओबीसी, एसटी-एससी के हक छीन कर मुसलमानों को देना चाहती हैं विपक्षी पार्टी- रविशंकर

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा है कि मुसलमानों को आरक्षण दिये जाने के मुद्दे पर कांग्रेस, महाविकास अघाड़ी और इंडिया समूह वोट बैंक की खातिर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (एससी और एसटी) के हर को छीन कर मुसलमानों को देना चाहता है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने मंगलवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया और कहा कि मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए ओबीसी, अति पिछड़ा, एससी, एसटी के अधिकारों को वोट बैंक के नाम पर छीना जाएगा, तो भाजपा इसका जोरदार विरोध करेगी।

उन्होंने कहा, देश में उलेमा बोर्ड ने शर्तों पर कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी को समर्थन करने के लिए पत्र जारी किया है। अब मराठी मुस्लिम सेवा संघ का पर्चा घूम रहा है। उस पर्चा में लिखा है कि अगर आप देश के संविधान, देश की एकता एवं अखंडता की खातिर अपना मत का प्रयोग सही करोगे। क्या शरियत में दखलदांजी मंजूर है? क्या मुसलमानों से अलीगढ़ यूनिवर्सिटी छीनने वालों को वोट करोगे? क्या समान नागरिक संहिता थोपने वालों को वोट करोगे? वक्फ के खिलाफ वालों को वोट करोगे? इसके अलावा ऐसी कई चीजें लिखी हुई है। इस तरह की बातें बहुत जोरो से चल रहा है और चलाया जा रहा है।

भाजपा नेता ने आरोप कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के सहयोगी मुस्लिम तुष्टिकरण और उनके वोट लेने के लिए इस तरह का एजेंडा चलवा रहे हैं। कई जगहोंपर एनजीओ बनाकर इस तरह का एजेंडा चलवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीमती प्रियंका वाड्रा वायनाड लोकसभा का उप चुनाव लड़ रही हैं। जमात-ए-इस्लामी श्री वाड्रा के समर्थन में जोरशोर से लगी हुई है। यह आरोप भाजपा ने नहीं *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

# देवताओं के जागते ही धूमधाम से मनाया गया देवउठनी पर्व, तुलसी विवाह की रही धूम

- बाजार में खूब बिके पूजा सामग्री एवं गन्ने, भीड़ का बना रहा आलम
- देव उठनी पर्व के साथ शुभ एवं मांगलिक कार्यों की हुई शुरुआत, होने लगी शहनाईयों की गूंज

राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को शहर सहित पूरे अंचल व देश भर में देव उठनी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। चातुर्मास पश्चात देवताओं के जागने की खुशी में देव उठनी पर्व की हर जगह धूम बनी रही। सनातन धर्मियों ने देवउठनी पर्व को छोटी दीवाली के रुप में अपने घर-आंगन को रंगोलियों से सजा कर तथा चारों ओर जगमग दीए जलाकर व दनादन फटाके फोड़ते हुए आतिशबाजियां कर मनाई। खासकर महिलाओं ने अपने घर के आंगन में स्थित तुलसी चौरे में सती माता तुलसी वृंदा की भगवान श्री हरि विष्णु के साथ पूरे विधि-विधान के साथ विवाह रचाई। तुलसी विवाह की खुशी में फटाके फोड़े गए और जमकर आतिशबाजियां की गई। इससे हर घर में रौनक छाई रही।

### वैवाहिक रस्मों के साथ संपन्न किए गए तुलसी विवाह

देवउठनी एकादशी पर्व के दिन तुलसी विवाह की धूम रही। हर सनातन धर्मियों के घर-आंगन में स्थित तुलसी चौरा में देर शाम महिलाओं द्वारा धूमधाम के साथ तुलसी विवाह किया गया। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से सनातन हिंदू धर्म की ओर लोगों का झुकाव बढ़ने लगा है। लोग हिंदू देवी देवताओं की ओर काफी आकर्षित होने लगे हैं। यही वजह है कि लोग अपने धर्म-संस्कृति की ओर लौटने लगे हैं इससे हर हिंदू त्योहार बढ़-चढ़कर मनाए जाने लगे हैं। देव उठनी एकादशी पर्व के अवसर पर बाजार में उमड़ी भीड़ इसकी गवाही देता है। लोगों ने बाजार में जमकर खरीदारी की और धूमधाम के साथ देवउठनी एकादशी पर्व को मनाया। इस दिन तुलसी चौरा में गन्ने के मंडप छाजन के साथ विधि-विधान सेद वैवाहिक रस्मों को निभाते हुए भगवान विष्णु के साथ तुलसी वृंदा का विवाह किया गया।इस दौरान महिलाओं द्वारा तुलसी माता में वैवाहिक रस्मों के अनुसार,हल्दी, चंदन चढ़ाकर वैवाहिक प्रसाधन चूड़ी, फूंदरी, चूनरी, महावीर टिकली, कंघा, दर्पण आदि अर्पित कर नेंग किए गए और वैवाहिक गीत गाकर तुलसी विवाह की खुशियां मनाई गई।

### बाजार में खूब गन्ने बिके

शहर के महावीर चौक से लेकर गंज चौक, नंदई चौक, महामाया चौक बसंतपुर, भदौरिया चौक चिखली चौक व अन्य जगहों में जमकर गन्ने की बिक्री हुई। 100 रुपए जोड़े में भी गन्ना खरीदने वालों की भीड़ रही।

### वैवाहिक एवं मांगलिक कार्यों की हुई शुरुआत

देवउठनी एकादशी के साथ ही शुभ और मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई है। सगाई के साथ साथ शादी विवाह कार्यक्रमों के दिन-तिथि तय किए जाने लगे हैं। वैवाहिक घरों में शादियों के शहनाईयां बजने का सिलसिला शुरू हो गया है। आज 12 नवंबर को देवउठनी पर्व के शुभ मुहूर्त में बैंड बाजा, धुमाल बाजा, दमऊं-दफड़ा वाले सामाजिक बाजों की गूंज सुनाई देगी। इसके लिए शहर में पहले से ही मांगलिक भवने सामुदायिक भवन, बैंड-बाजे कैटरिंग आदि बुकिंग कर लिए गए हैं। देव उठनी एकादशी से बंपर शादियों का अनुमान है। इसके चलते होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, सोने-चांदी व बर्तन के दुकान व किराया भंडार सहित केटरिंग और कपड़े तथा इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की दुकानें, रजाई-गद्दा, फर्नीचर, आलमारी, फ्रीज, वाशिंग मशीन, सहित अन्य सेक्टरों से जुड़े व्यवसाईयों में बेहतर कारोबार होने की उम्मीद बंधी हुई है। शहर के ज्योतिषी पातंजलि बाजपेई की बताया कि इस माह नवम्बर व अगले दिसंबर माह में शादियों की भरमार है। जिले में कम से कम उन्होंने साढ़े 300 के करीब शादियां के अलावा गृह प्रवेश व अन्य शुभ एवं मांगलिक कार्य संपन्न होना बताए हैं।

# जनजातीय गौरव दिवस पर15 को सांस्कृतिक कार्यक्रम, डॉ. रमन आयेंगे

कलेक्टर ने आदिवासी समाज प्रमुखों की ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आदिवासी समाज प्रमुखों की बैठक ली। बैठक में आदिवासी समाज के पदाधिकारी तथा समाज सेवक उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं से आदिवासी समाज के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 13, 14 एवं 15 नवंबर 2024 को किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर 2024 को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में किया जाएगा। जिसके अंतर्गत दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तथा शाम 4 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। कलेक्टर ने समाज प्रमुखों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता घासी साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन बघेल, समाजसेवी रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता सहित आदिवासी समाज के प्रमुख तथा समाज सेवक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

# अटल मंच के संरक्षक प्रेमचंद शर्मा को पत्नी शोक

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय अटल मंच 1990 के संरक्षक व प्रमुख संस्थापक सदस्य प्रेमचंद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा शर्मा का कल मंगलवार शाम 4 बजे के लगभग दुःखद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज बुधवार 13 नवंबर को उनके ओसवाल लाइन स्थित निवास से सुबह 9 बजे निकलेगी। श्रीमती शर्मा कुछ दिनों से बीमार थी और विगत सप्ताह से उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आती जा रही थी। वह पत्रकार बसंत शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रेस क्लब तथा भाजपा नेता व एन बी फ्लैक्स के संचालक आशीष शर्मा की माता तथा हरिभूमि के क्षेत्रीय मार्केटिंग प्रबंधक गौतम शर्मा की बड़ी बहन थी। अत्यंत ही सरल व कोमल हृदय वाली श्रीमती शोभा शर्मा पूरे समाज तथा सदर बाजार व ओसवाल लाईन में लोकप्रिय थी। उनके निधन से शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज सहित पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

# ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने पर एसपी की गाड़ी का कटा 2 हजार का चालान

बिलासपुर। पुलिस अधीक्षक की गाड़ी का ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हुए वीडियो सामने आया। आईटीएमएस कैमरे ने घटना को कैद हो गई, जिससे 2000 रुपये का चालान काट गया. इस घटना से पुलिस का साफ संदेश है कि ट्रैफिक नियम सभी के लिए समान हैं. जो भी कानून तोड़ेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ. ग.)

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202411093700015 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार प्रजापति आ. स्व. नंदू लाल प्रजापति, निवासी-वार्ड नं. 47, मोहारा, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला मोहारा स्थित शीट क्रमांक 41, भूखण्ड क्रमांक 3, क्षेत्रफल 299.00 वर्गमीटर जो धारक नन्दूलाल आ. मुंशी कुम्हार, निवासी मोहारा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भूखण्ड के धारक नन्दूलाल आ मुंशी कुम्हार की मृत्यु उपरांत उनके स्थान पर वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 27.11.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202410095300013 अ/6 (अ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका धसनीन बाई पति लेखराम जाति लोधी निवासी ग्राम मुढ़िया तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम मुढ़िया पटवारी हल्का नं. 04 राजस्व निरीक्षक मंडल मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 703, 704/2, 705 रकबा 0.348, 0.243, 0.700 कुल खसरा 03 कुल रकबा 1.291 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका नाम पर दर्ज है। किन्तु राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम दो बार दर्ज हो गया है। आवेदिका द्वारा राजस्व अभिलेख में अपना नाम धसनीन बाई पति लेखराम जाति लोधी को विलोपित कराना चाहता है। आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1 खसरा की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 14.11.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

# राष्ट्रीय सनातन धर्म प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने ली प्रदेश स्तरीय बैठक सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. राष्ट्रीय सनातन धर्म महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक समता कालोनी रायपुर में रखी गई। उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी सनातन धर्म के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक हुई। सर्वप्रथम बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म अरूण मिश्रा व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने भगवान श्रीराम जी की पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम बैठक का संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संतोष पटाक ने प्रदेश के प्रमुख विषयों पर जानकारी देते हुए सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिये सभी प्रदेश पदाधिकारियों को प्रदेश में संचालित करने हेतु सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु धार्मिक रूपरेखा तैयार की गई जो इस प्रकार है। सभी सनातन प्रेमियों से सामाजिक स्तर पर किसी भी जातिवाद व कई घटकों में जातिवाद के मुद्दों पर ना भटकने व एकजुट होकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु एक संदेश दिया कि हर हिन्दू ने ठाना है वह घर-घर हर सनातनी हिन्दुओं को जगाना है। भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने के लिये छत्तीसगढ़ के सभी शहरों में हस्ताक्षर अभ्यान चलाकर प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित कर। गाय माता को राष्ट्रमाता घोषित करने हेतु प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को ज्ञापन। पूरे हिन्दुस्तान में सनातन बोर्ड का गठन करने का निर्णय। सभी सनातन बंधुओं को एकसूत्र में बांधकर आदिकाल से चले आ रहे सनातन धर्म को आगे बढ़ाना। पटाक ने यह धार्मिक रूपरेखा छत्तीसगढ़ के सभी सनातन धर्म महासभा के पदाधिकारियों को प्रेषित की गई। वह सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु पूरे छत्तीसगढ़ में सभी सनातन प्रेमियों को एक ही छत के नीचे एकसाथ जोड़कर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सनातन धर्म छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने छत्तीसगढ़ के सभी सनातनियों से 16 नवम्बर को हो रही सनातन धर्म संसद की दिल्ली में हो रही रैली व बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सनातनी बंधुओं को पहुंचने की अपील की है। उक्त बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मिश्रा देवेन्द्र मिश्रा, दिनेश पुरोहित, अरविन्द ओझा, मनीषा बिसाहत व अत्यधिक संख्या में प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी दिनेश पुरोहित ने दी।

# संत शिरोमणि रविदास समाज का हुआ गठन

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांकरदहरा (मोक्षधाम) में संत शिरोमणि रविदास के नाम पर रविदास समाज का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से समाज का अध्यक्ष - श्री रामसिंह खरे को बनाया गया वहीं सचिव- का पद श्याम सुंदर हठीले को दिया गया है। संरक्षक केदार राम कोरे यक्ष जी है। समाज के मीडिया प्रभारी बने पल्लव कोरे व रविन्द्र टांडेकर ने बताया कि समाज के संगठन सचिव हितोबा चौहान, प्रचार प्रसार सचिव लव मालेकर, कोषाध्यक्ष मोहनलाल बघेल व जिला प्रवक्ता रतिराम कन्नौजे को बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त कार्य योजना प्रमुख विजय कुमार मालेकर, मुख्य सलाहकार एच एन जगत व नीलेश गात्रे है। बैठक में समाज के हर ब्लाक के अलग-अलग उपाध्यक्ष बनाए गए हैं जिसमें डोंगरगढ़ ब्लॉक के उपाध्यक्ष -शत्रुघ्न बाघसवार व रामदीन जगने, छुरिया ब्लॉक के अशोक मालेकर राजनांदगांव ब्लॉक के नंदकुमार मालेकर को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। समाज के कार्यकरणी सदस्यों में डोंगरगढ़ ब्लॉक कन्हैयालाल खरे, आकाश कन्नौजे, अनिल कन्नौजे, सतीश कन्नौजे, पारस टांडेकर। डोंगरगांव ब्लॉक धरम मालेकर, संतु चौरे, दुर्गेश मालेकर, आनंदराम झूलेकर, भुवन चौरे, भगवानी कन्नौजे, छुरिया ब्लॉक राकेश जगनित, तिजऊ राम कोरे, कृष्णा चौरे, विष्णु टांडेकर, महेंद्र चौरे, राजनांदगांव ब्लॉक मोहित टांडेकर, शत्रुघ्न कन्नौजे, संतु भांडेकर का नाम शुमार है। वरिष्ठ समाजसेवियों में- लक्ष्मण जगने, मदन चौरे, मनराखन कन्नौजे तथा मुख्य पुजारी के पद पर रामदास मालेकर को नियुक्ति दी गई है।

# मोहारा आक्सीजोन हुई चाकुबाजी की घटना के सभी आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

- बिडी पीने की मामूली बात पर जानलेवा हमला
- आरोपीगण से घटना मे प्रयुक्त तीन चाकु एंव दो मोटर सायकल जप्त

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 11 नवंबर को शिव कुमार ढीमर पिता कमलेश ढीमर उम्र 20 साल निवासी चौखडिया पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव का थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 11 नवंबर को 03:00 बजे शिव कुमार ढीमर अपने दोस्तों प्रताप ढीमर, नरसिंग ढीमर, छोटु ढीमर, नरेंद्र यादव के साथ सभी लोग आक्सीजोन में घुमने गये थे, तभी शाम को आसपास घुमने के बाद आक्सीजोन के एक किनारे पर सभी दोस्त शाम को 5:30 बजे खडे थे। तभी ऑक्सीजोन के अंदर से 08-10 लडके पार्टी मनाकर अपने-अपने मोटर सायकल से इन लोग जहां पर खडे थे वहीं पर आकर विक्की यादव ने नरसिंग ढीमर से बीडी सिगरेट मांगने लगा तो नरसिंग ढीमर ने बोला कि मेरे पास बीडी सिगरेट नहीं है बोलने पर विक्की यादव व उनके 03-04 साथी के साथ मिलकर माँ बहन की गाली गुप्तार करते हुए अपने पास रखे हुए चाकू नुमा औजार को निकालकर नरसिंग ढीमर को जान से मारने की नियत से बांये कमर पर चोट पहुंचाया। उसे देखकर शिव कुमार ढीमर छुडाने गया तो विक्की यादव के 03-04 दोस्त ने एक राय होकर अपने पास रखे चाकुनुमा औजार से शिव कुमार ढीमर बांये पैर के जांघ तथा कमर के ऊपर और हाथ में चोट पहुंचाया है की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन में फरार आरोपीयों को जल्द से जल्द पकड़ने हेतु निर्देश देने पर थाना बसंतपुर प्रभारी सत्यनारायण देवांगन द्वारा तत्काल टीम गठित कर फरार आरोपीयों की पता तलाश सरगरमी से किया जाकर आरोपीगण शुभम सौदागर पिता विनोद सौदागर उम्र 19 वर्ष निवासी मोतीपुर वार्ड नं. 03 ओपी चिखली थाना कोतवाली। विक्की नेवारे पिता राजेश नेवारे उम्र 20 वर्ष निवासी गौरी नगर गली नं. 1 ओपी चिखली थाना कोतवाली, रोहित देवागन पिता राम अवतार देवागन उम्र 20 वर्ष निवासी शंकरपुर शारदा चौक ओपी चिखली, हिरेन्द्र यादव पिता रवि यादव उम्र 22 वर्ष निवासी शंकरपुर रविदास मार्ग ओपी चिखली, चेतन कश्यप पिता संतोष कश्यप उम्र 19 वर्ष निवासी राम नगर हनुमान मंदिर के पास वार्ड नं. 08 ओपी चिखली को त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस हिरासत मे लेकर मेमोरण्डम कथन एंव पुछताछ किया जाने पर अपना अपराध स्वीकार करते हुए बिडी, सिगरेट नही देने की बात पर प्राण घातक हमला कर हत्या का प्रयास करना बताये आरोपीगणों से घटना मे प्रयुक्त मो.सा. एवं चाकु जप्त किया गया है। आरोपीगण को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। एक नाबालिक आरोपी जो घटना मे सम्मिलित था को सादीवर्दी में अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपीगणों के साथ अपराध घटित करना स्वीकार किया। जिसे प्रारूप नियम धारा 8(1)8(5) के तहत नाबालिक के विरूध फार्म भरा गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. सत्यनारायण देवांगन, उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, सउनि गोवर्धन देशमुख, बी 9 पेट्रोलिंग पार्टी महिला प्र.आर. मेनका साहू, महिला आरक्षक लक्की पैकरा, प्र.आर. दीपक जायसवाल, प्र.आर. राजेश परिहार, आरक्षक अतहर अली, आर. आदित्य सोलंकी, आरक्षक राजेश बंदेशवर की भूमिका सराहनीय रहीं।

# शेयर मार्केट में मुनाफा दिलाने के नाम पर ठगी

राजनांदगांव निवासी ने 9 लाख रुपए लेकर की धोखाधड़ी

भिलाई (दावा)। खुर्सीपार निवासी एक महिला राजनांदगांव में संचालित गोकुलधाम सोसायटी के निवासी द्वारा 9 लाख रुपए की ठगी का शिकार हुई है। महिला की शिकायत पर खुर्सीपार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्राटर नम्बर 66/एफ केएलसी जोन 2 खुर्सीपार निवासी रिंकी राठौर ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि धनी राम सिन्हा मकान नं. 4 वार्ड नं.45, गोकुल धाम सोसायटी, जिला राजनांदगांव में रहता है। उसने शेयर मार्केट में मुनाफा दिलाने का लालच देकर उसके साथ 9 लाख रुपए की ठगी की है। रिंकी ने बताया कि धनीराम सिन्हा की उसके पति मंगल सिंह राठौर के दोस्त मनोज साहू से पुरानी जान पहचान थी। धनीराम सिन्हा शेयर मार्केट में पैसा लगवाने का काम करता था। वो मनोज साहू के माध्यम से उनसे मिला और अपने मोबाइल पर जाली दस्तावेज दिखाकर दावा किया वो शेयर मार्केटिंग से अच्छा खासा मुनाफा कमाता है। उसका काम है कि वो लोगों का पैसा इनवेस्ट कराकर अच्छा रिटर्न लेता है। इसके बाद अपना कमीशन काटकर सामने वाले को देता है। 24 नवंबर 2023 को धनीराम सिन्हा और मनोज साहू उनके घर आये। उन्होंने उन्हें शेयर मार्केट की पॉलिसी के बारे में बताया और कहा वो ज्यादा से ज्यादा पैसा लगाएं, जिससे अच्छा मुनाफा मिल सकें। धनीराम सिन्हा की बातों पर विश्वास करते रिंकी ने उन्हें चेक के जरिए 9 लाख रुपए दे दिए। उसने बताया कि ये रुपए उसने आईडीएफसी बैंक से पति मंगल सिंह के नाम पर लोन लेकर दिया था। धनीराम ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उन्हें प्रतिमाह पांच प्रतिशत ब्याज अर्थात् 45,000/- रुपये ब्याज दिलाएगा।

गारंटी के रूप में अपना चेक दिया था, धनीराम इतना चालाक था कि उसने रिंकी को नौ लाख रुपए का अपना चेक बतौर गारंटी दिया था। उसने कहा कि यदि उसे रिटर्न ना मिले तो वो उसका चेक लगाकर बैंक से अपना पैसा निकाल सकती हैं। इसके बाद उसने दो माह उन लोगों को ब्याज दिया, उसके बाद टालमटोल करने लगा। इस दौरान उसने उसके पति के दोस्त करण आर्या से 3 लाख और मनोज से 2 लाख रुपए और इनवेस्ट करा लिए। उनके साथ भी ठगी की गई है।

### पति की पूरी कमाई जा रही किस्त में

रिंकी ने पुलिस को बताया कि उसके पति हेल्थ इंश्योरेंस का काम करते हैं। उन्हें 40 हजार रुपए महीने की वेतन मिलती है। उन्होंने जो बैंक से 9 लाख रुपए का लोन लिया है। उसका उन्हें हर महीने 35 हजार रुपए किस्त चुकाना पड़ रहा है। इससे उनके पास घर चलाने के लिए पैसा नहीं बच रहा है। हालत यह है कि उनकी पांच साल और 12 की बेटी को बढ़ाने और पालने में भी तकलीफ हो रही है।

# नगर निगम गणेश पर्व प्रतियोगिता, परिणाम घोषित

- सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा में विनायक मण्डल तथा विसर्जन झाकी अ वर्ग में उमंग गणेश उत्सव समिति एवं ब वर्ग में गंज गणेश उत्सव समिति को प्रथम स्थान

राजनांदगांव (दावा)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा गणेश उत्सव पर्व पर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एंव विसर्जन झाकी की प्रतियोगिता अ एवं ब वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समितियों के परिणामों की घोषणा की गयी। गणेश उत्सव प्रतियोगिता के परिणामों की गत दिनों आयोजित महापौर परिषद में स्वीकृति प्रदान की गई, जिन्हें निगम में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा पुरूस्कृत किया जायेगा। गणेश पर्व प्रतियोगिता के परिणामों के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष 2024 में नगर निगम द्वारा आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता के तहत सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झाकी का चयन निर्णायकों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि गणेश प्रतियोगित वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतियोगिता में प्रथम विनायक मंडल गणेश उत्सव समिति, कामठी लाईन, द्वितीय श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति, जी.ई. रोड व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति, दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को प्राप्त हुआ है।

इसी प्रकार विसर्जन झाकी के अ वर्ग में प्रथम उमंग गणेश उत्सव समिति, हमाल पारा, द्वितीय सुमति मण्डल, कामठी लाईन एवं तृतीय बस स्टैण्ड गणेश उत्सव समिति, पुराना बस स्टैण्ड को स्थान प्राप्त हुया है। इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक, द्वितीय आजाद गणेश उत्सव समिति, आजाद चैक एवं तृतीय तिरंगा मण्डल, अशोक स्तम्भ (कमल टाकीज) चौक ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किये है। उन्होंने बताया कि उक्त समितियों को निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महापौर सहित निगम पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का करेंगे विमोचन

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 नवम्बर को शाम 6:30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्रीद्वय अरूण साव और विजय शर्मा कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी उपस्थित रहेंगे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-6-8
577-9 128-1
राजधानी
2-5-7
239-4 455-4

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा की किसान संघ ने की समीक्षा

**प्रतिनिधि मंडल को धोखा एवं मानपुर पुलिस द्वारा रोके जाने पर निन्दा प्रस्ताव पारित, मुख्यमंत्री को डाक से भेजे ज्ञापन, जताया विरोध**

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा की समीक्षा बैठक सोमवार 11 नवम्बर को कृषि उपज मण्डी में हुई। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त, 117 रू. समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ देते हुए 3217 प्रति क्वि. की दर से धान खरीदी एवं पूरे तीन महिने धान खरीदी तथा ग्रीष्मकालीन धान को हस्तोत्साहित नहीं करने संबंधी मांग की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करने 6 नवम्बर बुधवार को बड़ी संख्या में राजनांदगांव से रायपुर जाने किसान कृषि उपज मंडी राजनांदगांव पहुँचे थे। जहाँ प्रशासन रबी धान में प्रतिबंध और आर्थिक जुर्माना नहीं होने की बात बताई और यात्रा को अंजोरा तक ले जाने एवं प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर ज्ञापन देने का प्रस्ताव दिया जिसे किसानों ने स्वीकारा लेकिन प्रतिनिधि मण्डल को कुम्हारी टोल में रोककर ज्ञापन देने कहा गया जिसे प्रतिनिधि मण्डल ने स्वीकार नहीं किया। प्रतिनिधि मण्डल को आगे रायपुर भी नहीं जाने दिया गया।

समीक्षा के दौरान प्रशासन द्वारा प्रतिनिधि मण्डल को धोखा देने के कृत्य को गैर जिम्मेदाराना, उकसाने वाला एवं निंदनीय बताया गया वही मानपुर पुलिस द्वारा किसानों को यात्रा में शामिल होने से रोकने की कार्यवाही को दमनकारी एवं आलोकतांत्रिक ठहराया गया। जिला प्रशासन राजनांदगांव एवं मानपुर पुलिस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव बैठक में सर्व सम्मति से पारित किया गया। मुख्यमंत्री को डाक से भेजे ज्ञापन- समीक्षा बैठक में गाँव-गाँव में हस्ताक्षर अभियान चलाकर तैयार किए गए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन को उन तक भेजने पर चर्चा हुई। पूर्व में प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया था। मुख्यमंत्री से मिलने का समय भी मांगा गया था न मिलने का समय मिला न ही कोई सूचना मिला। मुख्यमंत्री निवास जाकर इन्ही ज्ञापनों को देना चाहे तो पहले यात्रा को मना किया गया फिर प्रतिनिधि मण्डल के साथ धोखेबाजी कर रोका गया। ऐसे में प्रतिरोध दर्ज कराने एवं शीघ्र मुख्यमंत्री तक पहुँचाने के उद्देश्य से डाक द्वारा ज्ञापन भेजने का फैसला लिया गया एवं बैठक के पश्चात सभी प्रधान डाकघर पोस्ट ऑफिस चौक पहुँचकर डाक द्वारा मुख्यमंत्री निवास सिविल लाईन के लिए ज्ञापन भेजे गए। किसान संघ ने लोकतंत्र में सत्ता की जनता से बढ़ती दूरी पर चिंता जाहिर किया है। राजशाही के युग में भी प्रजा घंटा बजाकर दरबार में फरियाद कर सकती थी। बड़े अफसोस की बात है कि लोकतंत्र में हमें अपने मुख्यमंत्री तक ज्ञापन पहुँचाने संघर्ष करना पड़ रहा है।

खेती के साथ संघर्ष भी रहेगा जारी-धान कटाई जोरो पर है 14 नवम्बर से खरीदी भी चालू हो जाएगी। लेकिन समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ भी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया पर नजर रखते हुए प्रदेश में व्यापक आंदोलन के लिए तैयार रहने का संकल्प लिया गया है। मानपुर के किसानों का मनोबल बढ़ाने एवं किसान आंदोलन में भागीदारी कराने संपर्क कर रणनीति बनाई जावेगी। साथ ही संभागवार जुझारू एवं प्रगतिशील किसानों की बैठक हेतु कार्य योजना शीघ्र ही कार्यकारिणी द्वारा तैयार की जावेगी। प्रशासन एवं पुलिस की कारगुजारियों से लक्ष्य नहीं बदला जावेगा। हर हाल में समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ लेकर रहेंगे। साथ ही बकाया चौथी किश्त एवं पूरे तीन महिने खरीदी की मांग जारी रहेगी।

# नाबालिक से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। चिखली पुलिस ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को धरदबोचा है और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। घटना के संबंध में चौकी चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि 10 नवंबर को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी द्वारा प्रार्थियां की नाबालिक बेटी को डरा-धमका कर परिजनों के अनुपस्थिति में परिजनों व नाबालिक पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर किरायेदार के मकान मे जबरदस्ती लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा।

उक्त रिपोर्ट पर धारा सदर 65(2), 64(2)(ड), 351(2), 332 (ए), 115, 127 बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट भादवि अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया व मामला गंभीर अति संवेदनशील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तत्काल चिखली पुलिस टीम तैयार कर पता साजी किया गया। इस दौरान आरोपी के शंकरपुर मे छिपे होने की पुख्ता सूचना पर दबिश दी गयी व घेराबंदी कर आरोपी नवल किशोर वर्मा पिता भागीरथी वर्मा उम्र 40 साल निवासी शंकरपुर को पकड़ कर कड़ाई से पुछताछ किया गया जिस पर आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने और मेडिकल मुलाहिजा से पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से आदेशानुसार उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि बंजारे सहित सउनि इब्राहिम खान, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, प्रधान आरक्षक समारूराम सर्पा, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी, बलराम ठाकुर, मोरध्वज देशलहरे, महिला आरक्षक कौशिल्या साहू, ज्योति साहू का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रही है।

# तीन दिवसीय मोहारा मेला के लिये निगम आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सौंपा दायित्व

राजनांदगांव (दावा)। इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला का आयोजन 14, 15 व 16 नवम्बर को किया जा रहा है। मोहारा मेला स्थल का गत दिनों निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया और व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मोहारा मेला स्थल में नगर निगम द्वारा आवश्यक सुविधाए उपलब्ध कराने व अन्य कार्यो के निष्पादन हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगायी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने निगम के अधिकारियों से कहा कि नदी के किनारे बेरिकेटिंग के अलावा बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था तीनों दिन सुचारू रूप से सम्पादित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। इसके लिये उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों की शिफ्ट में ड्यूटी भी लगायी है, जिसमें मोहारा मेला के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा मो.नं. 70008-62950 को बनाया गया है और मेला के सम्पूर्ण व्यवस्था प्रभारी सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम मो.नं. 83197-26288 का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा मो.नं. 97705-19691 एवं सहायक प्रभारी उप अभियंता डागेश्वर कर्ष मो.नं. 83495-05814, राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर मो.नं. 99938-42086 व लाईनमेन किशन गावरे मो.नं. 88896-53352 को सहायक बनाया गया है। उपरोक्त अधिकारी अपने सहियोगियों के साथ पर्याप्त पेयजल एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था, आवश्यकता अनुसार बेरिकेटिंग तथा मेले में दुकानों की व्यवस्था के अलावा मेला स्थल की सम्पूर्ण व्यवस्था संबंधी दायित्वों का निर्वाहन करेंगे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि मोहारा मेला स्थल पर सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था का प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा मो. नं. 79996 98498 को सहायक प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव मो.नं. 70006-70033 को एवं सहयोगी का प्र. स्वच्छता निरीक्षक पवन कुर्रे मो.नं. 75873-35587 को दायित्व सौंपा गया है। साथ ही पेयजल व्यवस्था का प्रभारी उप अभियंता अनुम पाण्डे मो.नं. 74705-47099 को दायित्व सौपा गया है। इसके अलावा 14, 15 व 16 नवम्बर तीनों दिन दो शिफ्ट में व्यवस्था में सहयोगी का दायित्व उप अभियंतागण एवं कर्मचारियों को सौपा गया है।

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव के दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए जिला साहू संघ के पदाधिकारी

**० जिलाध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में सामाजिक जनों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर दीपावली पर्व की बधाई दी**

राजनांदगांव(दावा)। नगरीय निकाय प्रशासन-लोक निर्माण विभाग, उपमुख्यमंत्री अरुण साव के सिविल लाइन स्थित शासकीय आवास पर सोमवार दिनांक 11 नवंबर को वृहद राज्य स्तरीय दीपावली पर्व मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर के जिला साहू संघ के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायकगण कार्यक्रम में शरीक हुए। नयनाभिराम लोगों को आकर्षित करते छत्तीसगढ़ में पहली बार साहू समाज के स्वजातीय मंत्री अरुण साव के इस तरह के दीपावली मिलन समारोह मनाने की कार्यक्रम स्थल में सार्वधिक चर्चा बनी रही।

दीपावली मिलन समारोह का शुभारंभ तेली वंशज की आराध्य देवी संत शिरोमणी भक्त कर्मा माता जी के विशाल तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पूजा अर्चना कर श्री गणेश किया गया, तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री लोकनिर्माण एवं नगरीय निकाय प्रशासन विभाग के प्रमुख सहज सरल मिलनसार यशस्वी नेतृत्व के धनी अरुण साव ने छत्तीसगढ़ साहू संघ के (मुखिया) प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू के साथ विभिन्न विधानसभा के विधायकों पूर्व मंत्री पूर्व विधायकगण प्रदेश भर के जिला अध्यक्षों महामंत्री समाज के विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजक-सचिव से भेंट-मुलाकात करते हुए एक-दूसरे को गुलाब भेंटकर दीपोत्सव एवं देवउठनी एकादशी महापर्व की बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सादे किंतु गरिमामय दीपावली पर्व मिलन समारोह कार्यक्रम में राजनांदगांव जिला साहू संघ के उर्जावान अध्यक्ष भागवत साहू एवं कर्मठ महामंत्री नीलमणी साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव मिलकर उन्हें दीपोत्सव एवं तुलसी पूजा (छोटी दिवाली) एकादशी महापर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस दौरान राजनांदगांव साहू संघ के जिलाध्यक्ष भागवत साहू द्वारा साहू सदन में आगामी 24 नवंबर दिन रविवार को होने वाले वृहद छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन में बतौर अतिथि आमंत्रित करते हुए उन्हें निमंत्रण पत्र सौंपा गया, जिसे अपने स्वभाव के अनुरूप उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुस्कुराते हुए मनुहार पत्र को सहर्ष स्वीकार आने की स्वीकृति देते हुए जिला साहू संघ के विभिन्न रचनात्मक कार्यों की सरहाना की। कार्यक्रम में लजीज-जायकेदार स्वादिष्ट व्यंजनों एवं ठंडे पेय पदार्थों का प्रदेशभर के आए स्वजनों ने लुफ्त उठाया। अपने तरह के अनूठे एवं ऐतिहासिक गरिमामय दीपावली पर्व मिलन समारोह में साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, जिला महामंत्री नीलमणी साहू, युवा प्रक्रोष्ठ संयोजक डिकेस साहू, इंदिरा नगर वार्ड नंबर 41 के पार्षद राजेश गुप्ता चंपू, तुलदास साहू, चंद्रभूषण साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रक्रोष्ठ के लोकेश साहू, संतोष साहू, नवीन साहू सहित जिला साहू संघ मीडिया प्रक्रोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष-प्रवक्ता दैनिक सुबह की प्रहरी के ब्यूरो चीफ पत्रकार अंकालू साहू की खास उपस्थिति रही।

## नगरीय निकाय निर्वाचन 2024

# नगर पालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करने हुए नगर पालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक नामावली तैयार करने के संशोधित कार्यक्रम अंतर्गत दावे तथा आपत्तियां 13 नवम्बर 2024 से प्राप्त की जाएगी। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर अपरान्ह 3 बजे तक है। दावे-आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 24 नवम्बर प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर, प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। दावे-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर अपील की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि 5 दिसम्बर 2024 तक सॉफ्टवेयर में किया जाएगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु 7 दिसम्बर 2024 तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ 10 दिसम्बर 2024 तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा।

# जिला पंचायत सीईओ प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत किए जा रहे आवास निर्माण कार्यो की समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत किए जा रहे आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वीकृत सभी अप्रारंभ आवासों निर्माण कार्य को शीघ्र ही प्रारंभ करने एवं अपूर्ण आवासों निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देशित किया गया।

बैठक में बताया गया कि राज्य शासन द्वारा जिले को वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल 27442 आवासों की स्वीकृति दी गई थी। जिसके विरूद्ध 27024 आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रकार 98.47 प्रतिशत आवास निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। शेष आवास निर्माण कार्य को आगामी सप्ताह तक पूर्ण कराने निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जिले को कुल 21812 आवास निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें से 18537 आवास का पंजीयन एवं स्वीकृति की कार्रवाई की जा चुकी है तथा 15651 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त तथा 575 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है। शेष 3275 हितग्राहियों का स्वीकृति का प्रस्ताव प्रगतिरत है। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास के नोडल अधिकारी, करारोपण अधिकारी, विकास व सहायक विकास विस्तार अधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग के उप अभियंता, मनरेगा तकनीकी सहायक, प्रधानमंत्री आवास योजना के विकासखंड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सभी दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजनों को न्याय नहीं दे रही सरकार

**० सिर्फ 27 को अनुकंपा नियुक्ति देने से काम नहीं चलेगा**
**० दिवंगत पंचायत अनुकंपा शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष अश्वनी सोनवानी ने लगाया आरोप**

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भर के दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजन लंबे समय से सरकार से न्याय की मांग कर रहे हैं। कि उन्हें परिवार चलाने के लिए अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए सरकार उनकी मांग को टालते आ रही है आंदोलन के जरिए जब दबाव बढ़ा तो सरकार ने सभी दिवंगत पंचायत शिक्षकों के परिजनों से न्याय करने का आश्वासन दिया था। लेकिन सरकार सिर्फ 27 को अनुकंपा नियुक्ति देकर अपने दायित्व से पल्ला झाड़ लेना चाहती है। इससे प्रदेश भर के वंचित और उपेक्षित दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजन सरकार के ऐसे कृत्य की निंदा कर रहे हैं। दिवंगत पंचायत अनुकंपा शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष अश्वनी सोनवानी ने दुखी भाव से कहा कि वे संगठन के साथियों को साथ लेकर प्रदेश भर के साथियों के साथ आंदोलन करते आ रहे हैं। शासन को प्रशासन के जरिए कई बार ज्ञापन भी सौंपे जा चुके है। लेकिन सरकार हमारी मांग को टालते आ रही है। इससे दिवंगत पंचायत शिक्षकों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। जिससे वह बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त है। इस गंभीर समस्या का निदान राज्य सरकार के पास है। लेकिन पता नहीं वह किसके द्वारा दिगभ्रमित करने से मांग पूरी नहीं कर रही है।

श्री सोनवानी ने आगे कहा कि दिवंगत शिक्षाकर्मी के परिजनों के साथ फिर से एक बार न्याय नहीं हुआ है। 16 अक्टूबर को जो कैबिनेट बैठक हुई थी। उसमें दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजनों के लिए कहा गया था। कि सबके साथ न्याय होगा पर 05 नंबर के दिशा निर्देश में डीएड, डीएलएड और टीईटी पास जरुरी कहां गया है। इसमें पूर्व के नियमों को फिर से लागू करके दिवंगत शिक्षाकर्मी के परिजनों के साथ अन्याय हुआ है। दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजनों की मांग है। कि हम सभी को योग्यता अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए तभी हम सभी के साथ सही न्याय होगा।

## धान खरीदी खरीफ वर्ष 2024-25

# धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए होनी चाहिए सभी आवश्यक सुविधाएं - कलेक्टर

**नोडल अधिकारी प्रतिदिन किसानों के टोकन कटने तथा राईस मिलर्स का डीओ कटने के संबंध में रखे जानकारी, धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव भी रहे जारी**

**० किसानों को नहीं होनी चाहिए परेशानी**
**० किसानों को समय पर राशि का भुगतान करने के दिए निर्देश**
**० अवैध धान की बिक्री करते पाये जाने कोचिया एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश**
**० किसानों के वास्तविक उपज की होनी चाहिए खरीदी**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न हुई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण योजना है।14 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए सभी नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर एकड़ प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के वास्तविक उपज की खरीदी करना है। धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए और किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नापतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, आर्द्रतामापी यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी के पहले दिन सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने धान उपार्जन केन्द्रों में समय पर उपस्थित रहेंगे। सभी को यह जानकारी होना चाहिए कि प्रतिदिन कितने टोकन कट रहे हैं, जिससे कितने धान की खरीदी अगले दिन होगी, इसका अनुमान रहेगा। इसके साथ ही इस बात की भी जानकारी रखने रखें कि राईस मिलर्स का डीओ कितना कट रहा है, ताकि धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव भी जारी रहे। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की परेशानी नहीं चाहिए। धान खरीदी के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं का ध्यान रखने के साथ ही समय पर उनके खाते में समय पर राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों से कहा कि सावधानी एवं सजगता के साथ भौतिक सत्यापन के लिए बारदानों की गणना करें तथा साक्ष्य के रूप में विडियो बनाकर भी रखें। उन्होंने कहा कि भौतिक सत्यापन के लिए पहले ही दिन से गणना का कार्य करते जाएं, ताकि प्रतिदिन के लिए कार्य करने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने हमालों की संख्या, धान का परिवहन, स्टैकिंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध धान की बिक्री करते पाये जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोचिया जैसे लोग पात्र किसानों के किसान किताब का दुरूपयोग करते हुए अवैध धान की बिक्री करने के प्रयास करते है तथा सिस्टम को प्रभावित करते है। ऐसे कोचिया एवं बिचौलियों पर शिकंजा कसने के लिए सर्तक रहते हुए कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में औसत अनावरी रिपोर्ट के आधार पर ही वास्तविक उपज की जानकारी रखें तथा लगातार धान उपार्जन केन्द्र का लगातार निरीक्षण करते रहें। उन्होंने कहा कि किसानों को अच्छी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने धान खरीदी के लिए किसानों से ऑफलाईन एवं टोकन तुंहर दुआर मोबाईल एप से ऑनलाईन टोकन देने कहा। टोकन जारी करने में पहले लघु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता दी जाये। उसके बाद बड़े कृषकों को टोकन जारी किया जाये।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि धान खरीदी केन्द्रों में नियंत्रित एवं व्यवस्थित रूप से उपार्जन हेतु किसानों को टोकन जारी कर धान क्रय किया जायेगा। उपार्जन केन्द्रों में भंडारण क्षमता के आधार पर मोटा, पतला एवं सरना धान के लिए नया एवं पुराना बारदाना का अलग-अलग स्टेक धान का भंडारण करें। इसके अतिरिक्त एचडीपीई बैग में संधारित धान का पृथक स्टेक लगाया जाये। नोडल अधिकारी अपनी निगरानी में किसानों का टोकन जारी करायेंगे तथा आगामी दिवस की खरीदी हेतु उपलब्ध बारदानों का आंकलन करेंगे एवं बारदानों की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करेंगे एवं उच्चाधिकारियों को अवगत करायेंगे। सभी उपार्जन केन्द्रों में खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 डिस्प्ले करेंगे। पानी की निकासी के लिए नालियों की व्यवस्था के संबंध में बताया गया। धान को सीढ़ीनुमा तरीके से रखने पर पानी का ठहराव नहीं होगा तथा धान सुरक्षित रहेगा। शासन द्वारा नया एवं पुराने बारदानों में धान की खरीदी की जाती है। उपार्जन केन्द्रों में धान के सुरक्षित भंडारण के लिए खरीदे गये धान के किस्मवार एवं बारदाना अनुसार पृथक-पृथक स्टेक लगाकर धान का भंडारण किया जाना है। इस अवसर पर एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित प्रभात मिश्रा, उपायुक्त सहकारी संस्थाएं श्रीमती शिल्पा अग्रवाल, जिला विपणन अधिकारी श्रीमती हिना खान सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

**"कभी-कभी अपमानित होने से हम कमजोर नहीं होते, बल्कि हमारी ताकत बढ़ती है।**

## मिशनरियों के निशाने पर आदिवासी, झारखंड में भी चुनाव को प्रभावित करने कोशिश

आज समय की मांग है कि ईसाई मिशनरियों के खिलाफ जनजाति समाज के संघर्ष के इतिहास को नए सिरे से संकलित किया जाए और उसका प्रचार-प्रसार हो। इसके साथ-साथ जनजातियों की मातृभाषा कला गीत नृत्य संगीत हस्तकला का संरक्षण और संवर्धन किया जाए। इसी के साथ ईसाई मिशनरियों के छल-छद्म से मतांतरण अभियान पर रोक लगानी होगी। इससे ही झारखंड ईसाई मिशनरियों के षड्यंत्र से झारखंड बच सकेगा।

आदिवासी समाज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने की तैयारी कर रहा है। वर्ष 1875 में 15 नवंबर को झारखंड में 'धरती आबा' यानी भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था। जनजाति अस्मिता, स्वायत्तता और संस्कृति तथा वैष्णव धर्म की रक्षा के लिए बलिदान होने वाले भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष की सत्यता से जनजाति समाज को अवगत कराने का यह सही अवसर है। भारत में बर्बर इस्लामिक आक्रांताओं के बारे में जो कुछ लिखा और कहा जाता है, वह विदेश से आयातित इस्लाम, ईसाइयत और वामपंथ का आधा ही सत्य है। यह समझने की आवश्यकता है कि ईसाई मिशनरियां भी हिंदुओं और आदिवासियों के खिलाफ षड्यंत्र करती रही हैं और आज भी कर रही हैं। कुछ समय पहले मिजोरम के मुख्यमंत्री के अमेरिका में दिए गए बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि ईसाई मिशनरियां भी देश का विभाजन करना चाहती हैं।

ईस्ट इंडिया कंपनी ने पहले व्यापार और फिर छल-कपट से भारत में राज्य विस्तार के नाम पर यहीं के जमींदारों को आगे रखकर लूट शुरू की। इस लूट का विरोध करने वालों को चौक-चौराहे पर कोड़े मारने, फांसी पर लटकाने और मंदिरों को तोड़ने जैसे कृत्य किए गए। बाबा तिलका मांझी को मीलों घसीटते हुए खून में डूबे उनके शरीर को पेड़ पर लटका कर खुलेआम फांसी देना इसका उदाहरण है। 23 जून, 1757 को प्लासी युद्ध के बाद अंग्रेजों का तत्कालीन बंगाल पर नियंत्रण हो गया, जिसमें आज के बिहार, ओडिशा तथा झारखंड शामिल थे। फिर 1765 में अंग्रेजों ने उसका दीवानी अधिकार प्राप्त कर लिया। ईस्ट इंडिया कंपनी ने तीर्थयात्रियों पर प्रतिबंध लगा दिया। उसके खिलाफ शुरू हुए संघर्ष को चुआंन्यासी विद्रोहज् कहा जाता है। इसी संघर्ष को ध्यान में रखकर बंकिम चंद्र जी ने च्आनंदमठज् नामक उपन्यास लिखा था। इस संघर्ष का केंद्र बिहार का पूर्णिया था। वह आंदोलन लगभग चार दशक तक चला। बाद में 1771 से 1784 तक ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध संघर्ष छेड़ने वाले 'जबरा पहाड़िया' उर्फ बाबा तिलका मांझी को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पहले सेनानी के नाम से जाना जाता है।

आज की पीढ़ी को उनके बारे में बहुत कम जानकारी है। 1857 के पहले 1853 में सिद्धू मुर्मु और कान्हू मुर्मु ने जंगल तराई में ब्रिटिश शासन के दमन और शोषण के खिलाफ 'करो या मरो-अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो' महासंग्राम छेड़ा था, जिसे आज संताल परगना कहा जाता है। यह महासंग्राम ईसाई मिशनरियों के खिलाफ भी था, जो आदिवासी समाज की संस्कृति को बदलने का काम कर रही थीं। अगस्त 1855 में अंग्रेजों ने सिद्धू मुर्मु को बरगद के पेड़ पर लटकाकर फांसी दे दी। अंग्रेज भारतीय समाज को डराने के लिए बर्बर तरीके से फांसी देते थे, ताकि कोई उनके शासन के खिलाफ अपनी आवाज न उठा सके। बाबा तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा तथा सिद्धू-कान्हू मुर्मु के बारे में तो कुछ साहित्य उपलब्ध भी है, पर 1790 के तमाड़ विद्रोह, 1800 से 1818 तक चले चेरो आंदोलन तथा 1820-21 के हो विद्रोह, कोल विद्रोह, ताना भगत आंदोलन आदि के बारे में साहित्य न के बराबर उपलब्ध है।वर्ष 1757 से 1857 के बीच ईस्ट इंडिया कंपनी के दमन और शोषण के खिलाफ देश में चले अनेक संघर्षों से डर कर ईसाई मिशनरियों ने जनजाति बहुल इलाकों में शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर आदिवासियों के ईसाइकरण का षड्यंत्र शुरू किया और शिक्षा की आड़ में उन पर मानसिक गुलामी थोपना शुरू कर दिया।

देश राजनीतिक रूप से भले आजाद हो गया हो, पर मानसिक रूप से आज भी गुलाम है। इसीलिए जनजाति संघर्ष के बारे में बहुत कम लिखा गया। चिंता की बात यह है कि ईसाई मिशनरियां आज भी वैसे ही सक्रिय हैं, जैसे अंग्रेजी सत्ता के समय थीं। जिस जनजाति समाज ने अंग्रेजी राज के शोषण और दमन के खिलाफ संघर्ष किया, आज वही ईसाई मिशनरियों के चंगुल में है। जनजाति समाज को जंगल और जमीन के अधिकार से बेदखल करने वाले अंग्रेज थे, पर इसका कोई जिक्र नहीं करता।

वर्तमान में झारखंड दोहरे संकट से दो-चार है। एक ओर बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठिए बढ़ रहे हैं और इसके चलते आदिवासी इलाकों में मुस्लिम आबादी बढ़ रही है, दूसरी ओर आदिवासियों का ईसाईकरण हो रहा है। झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा की संतानों यानी मुंडा की आबादी 12,29,221 है, जिसमें से 4,03,466 यानी 32.82 प्रतिशत ईसाई हो गए हैं।तिलका मांझी की संतानों यानी संताल की आबादी 27,54,723 है, जिसमें से 2,36,304 यानी 8.57 प्रतिशत ईसाई हो गई है। मुंडा और संताल की ही तरह 26.16 प्रतिशत उरांव भी ईसाई हो गए हैं। अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करने वाले हो और चेरो भी ईसाई बन रहे हैं। सिमडेगा जिले में 80.71 प्रतिशत, गुमला में 43.79 प्रतिशत, पश्चिमी सिंहभूम में 41.29 प्रतिशत तथा खूंटी में 37.91 प्रतिशत मुंडा आबादी ईसाई बन गई है।

# भारतीय रेलवे : पहले से कहीं ज़्यादा सुरक्षित

**ए. के. खंडेलवाल**

भारतीय रेलवे में सुरक्षा पहले से कहीं अधिक बेहतर हो गई है, जिसका श्रेय पिछले दशक में की गई योजनाबद्ध पहलों को दिया जा सकता है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे व्यस्त यात्री परिवहन नेटवर्क है और रेल-यात्री परिवहन में इसका विश्व में पहला स्थान है। रेलवे हर साल 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) से अधिक की दूरी तय करती है और 685 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराती है। यह आँकड़ा चीन से भी काफी बड़ा है, जहाँ अपने विशाल नेटवर्क और आबादी के बावजूद लगभग 300 करोड़ यात्री ही रेल का उपयोग करते हैं।

सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है। जहाँ 2000-01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई थीं, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर केवल 40 रह गई है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है।

रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक लोग 70,000 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। त्यौहारों के समय यह संख्या 3 करोड़ तक पहुँच जाती है। इसका मतलब है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 2 प्रतिशत लोग सुरक्षित रूप से रेल से सफर करते हैं, जबकि चीन में यह आँकड़ा 0.58 प्रतिशत और अमेरिका में मात्र 0.09 प्रतिशत है।

भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह 2023-24 में सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्पष्ट होता है, और चालू वित्त वर्ष में इससे भी अधिक खर्च करने की योजना है। इसका उद्देश्य रेलों, पुलों, पटरियों और संकेत प्रणालियों के रखरखाव में सुधार करना है। साथ ही, ओवर- और अंडर-ब्रिज के निर्माण के माध्यम से पटरियों के निकट की सड़क सुरक्षा में भी सुधार किया जाएगा।

रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन का एक प्रमुख सूचकांक 'प्रति दस लाख ट्रेन किलोमीटर पर दुर्घटना की संख्या' (एपीएमटीके) है, जो 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 पर आ गया है। यह सुधार अत्याधुनिक तरीकों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के कारण संभव हुआ है, जैसे कि बेहतर पटरी रखरखाव, पटरी दोषों का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड विफलताओं को रोकना और मानवीय त्रुटियों को कम करना। पटरी रखरखाव में सुधार के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहाँ 2013-14 में केवल 700 मशीनें उपयोग में थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1,667 हो गई है। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे पटरियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके साथ ही, उपद्रवी गतिविधियों, पटरियों से छेड़छाड़ और पटरियों पर अवरोध वस्तुओं के कारण होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियमित गश्त की जाती है।

यात्रियों की सुरक्षा से आगे बढ़कर, रेलवे अब वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 2024-25 तक 6,433 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के किनारे बाड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अगस्त 2024 तक 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा कर लिया गया है। इससे मवेशियों के साथ टकराव की घटनाओं में कमी आएगी।

इन परिणामों को बनाए रखने और सुधार करने के लिए भारतीय रेलवे ने तकनीकी कार्यक्रमों और लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनाया है। इस पहल के तहत लोकोपायलटों को कोहरे वाले क्षेत्रों में परिचालन में सहायता के लिए जीपीएस-आधारित फॉग-पास डिवाइसेस की संख्या में वृद्धि की गई है, जो 2014-15 में केवल 90 थी और अब बढ़कर 21,742 हो गई है। लोकोपायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए सभी लोकोमोटिव में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं, जिनकी संख्या 2013-14 में 10,000 से बढ़कर अब 16,021 हो चुकी है। सुरक्षा उपायों के अंतर्गत, बड़ी पटरी (ब्रॉड-गेज) मार्गों पर स्थित 6,637 स्टेशनों में से 6,575 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत संकेत प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं।

लोकोपायलटों की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग कौशल और प्रतिक्रिया समय में सुधार के उद्देश्य से सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय अनुभव का अनुकरण करता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को अग्निशमन और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने प्रारंभिक, प्रगति-उन्मुख, पुनः अभ्यास और विशिष्ट जैसे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं।

यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए, एलएचबी कोचों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो बेहतर दुर्घटना-रोकथाम सुविधाओं से लैस हैं। इन कोचों का डिज़ाइन इस तरह किया गया है कि यह रेल के पटरी से उतरने और यात्रियों के घायल होने की संभावना को कम करता है। टक्कर के दौरान एक-दूसरे पर चढ़ने से बचने के लिए इन्हें इस प्रकार से बनाया गया है कि ये 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पर भी सुरक्षित तरीके से परिचालित हो सकें। इसकी उत्पादन संख्या में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोच बनाए गए हैं, जो 2013-14 के 2,467 से दोगुने से भी अधिक हैं।

इन सभी प्रयासों से भारतीय रेलवे पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो गई है। यात्री सुरक्षा और रेलवे में सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास इसे एक सुरक्षित और विश्वसनीय परिवहन विकल्प बनाते हैं।

**सेवानिवृत्त सदस्य इंफ्रा रेलवे बोर्ड, पदेन सचिव, भारत सरकार**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 312 : मार्ग में सूर्य की सुनहरी किरणों से झिलमिलाते सरोवर के तट पर रुका श्री राम का रथ

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

निराश प्रजा अब अयोध्या वापस लौटना चाहती है। आपस में चर्चा जारी है।

एक नागरिक ने कहा, ''मुझे भी यही लगता है और वैसे भी हमें अयोध्या पहुंचने पर ही श्री राम के द्वारा अपने परिजनों को दिए गए संदेश के आधार पर उनके प्रवास की वास्तविक सजीव उपस्थिति के स्थल सहज ही ज्ञात होते जाएंगे।''

अपने प्रिय राम का कई कोस तक अनुसरण करने के बाद और उन्हें अपने साथ न पाकर निराशा प्रजा ने अंततः इस स्थान से (एक अध्ययन के अनुसार वर्तमान टाहडीह क्षेत्र, अयोध्या जिला) वापस अयोध्या लौटने का निर्णय लिया।

इधर श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी का रथ आगे बढ़ने लगा। लगभग चार कोस की दूरी तय करने के बाद मार्ग में एक छोटा सरोवर दिखाई दिया। श्री राम ने यहां रथ रुकवा दिया।

''यहां स्नान करने के बाद आगे बढ़ते हैं सुमंत जी!'' श्री राम ने कहा।

तीनों रथ से नीचे उतर पड़े। पूर्व दिशा में सूर्य देव अपनी ओजस्वी किरणों से शाश्वत प्रकाश बिखेर रहे हैं। सूर्यदेव की किरणें सरोवर में भी झिलमिला रही हैं।ऐसा लग रहा है कि स्वयं सूर्य देव इस सरोवर में उतरकर श्री राम से भेंट करना चाहते हैं।

''अद्भुत दृश्य है भैया-भाभी! इस पूरे आकाश में अपनी किरणों से आच्छादित हो जाने वाले सूर्यदेव इस सरोवर में भी अपनी उपस्थिति की अनुभूति करा रहे हैं।'' लक्ष्मण जी ने प्रसन्न होते हुए कहा।

''हां लक्ष्मण भैया! सूर्य की स्वास्थ्यवर्धक किरणों से निर्मित होने के कारण इस सरोवर को सूर्य कुंड कहना उचित होगा।'' सीता जी ने कहा।

''उचित कहा जानकी!'' श्री राम ने अनुमोदन करते हुए कहा।

(मन में बसे हैं राम शीर्षक के अंतर्गत पूर्व प्रकाशित आलेखों में दूरी के लिए कोस और योजन शब्द का प्रयोग हुआ है। एक कोस अर्थात अनुमानित लगभग तीन से साढ़े तीन किलोमीटर और एक योजन का अर्थ है अनुमानित लगभग बारह से तेरह किलोमीटर)

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य - 234

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 233 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्ष | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू- दोकू क्र. 234

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 233 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष**
आप अपने भविष्य को लेकर कोई प्लान बना सकते हैं, लेकिन आपके खान-पान में गड़बड़ी आपको परेशानी दे सकती हैं. आपको बहुत कामों को लेकर भाग दौड़ अधिक रहेगी, लेकिन कोई अजनबी पर यदि आपने अधिक भरोसा किया, तो वह आपके उस भरोसे को तोड़ सकता है।

**वृषभ**
कल दिन किसी नयी संपत्ति के खरीदारी के लिए रहेगा. आपकी कामों को लेकर मेहनत अधिक रहेगी. आपको किसी काम को लेकर टेंशन बनी रहेगी. आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है. पार्टनरशिप में आपकी कोई डील फाइनल होगी. आप किसी सरकारी योजना में धन का निवेश कर सकते हैं.

**मिथुन**
कल दिन कमजोर रहने वाला है. आपके मन में कामों को लेकर उत्तर-पुथल बनी रहेगी. शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है. परिवार में सदस्यों को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी. भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**कर्क**
आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी. किसी से आप कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोले. आपको अपने पिताजी से पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करनी होगी. परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा. आपका कोई मित्र आपके लिए कोई इन्वेस्टमेंट प्लान लेकर आ सकता है.

**सिंह**
आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. आप जीवनसाथी को कहीं शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं. करियर को लेकर आप कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं. आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला आपको परेशान कर सकता हैं.

**कन्या**
वैवाहिक जीवन में यदि किसी बात को लेकर टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी. भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा. आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी. आप यदि किसी संपत्ति के खरी फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी हो सकती है. व्यापार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा.

**तुला**
आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. आप अपने बिजनेस में खुद को साबित करने की कोशिश में लगे रहेंगे. प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से किसी बात को लेकर कुछ समझोता करना पड़ सकता है. जीवनसाथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे. आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे.

**वृश्चिक**
आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है. आपको अपने घर के जरुरी डिसीजनो पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है. संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से उन्हें घर से दूर जाना पड़ सकता है और दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा, जो लोग विदेश जाने की योजना बना रहे हैं, उनकी कोई इच्छा पूरी हो सकती हैं.

**धनु**
यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. आप अपने लिए किसी नयी प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी. आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है. विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई को लेकर थोड़ा सतर्क रहना होगा.

**मकर**
आप किसी से धन उधार लेने से बचे, नहीं तो आपको समस्या हो सकती हैं. आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे. आपको संतान के कामों को लेकर भाग दौड़ लगी रहेगी. माता जी की आपसे किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है. आपका कोई सहयोगी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेगा.

**कुंभ**
आपको कोई निवेश बहुत ही सोच समझकर करना होगा. सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी. कोई विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है. किसी धार्मिक आयोजन में आप सम्मिलित होंगे, जिसमें आपकी कुछ रसुखदार लोगों से मुलाकात होगी. आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है.

**मीन**
जो युवा रोजगार के लिए परेशान चल रहे हैं, उन्हें अच्छा अवसर हाथ लगेगा. आपके बिजनेस को एक नयी गति मिलेगी, जिससे कि आपकी मार्केट में एक नई पहचान बनेगी. दोस्तों से आप किसी काम को लेकर कोई मदद ले सकते हैं, जो आपको आसानी से मिल जाएगी. आप अपना कोई सीक्रेट किसी के सामने लीक ना होने दे.

## तुक्तक कथा

### कामन सेन्स

कम्प्यूटर आपरेटर भोला,
एक प्रेस विज्ञप्ति लिए
संपादक के पास आकर बोला-
''सर! ये.... साय राज्य में हुआ
प्रदेश का चौतराफा....।
उसके बाद के शब्द पर
पानी पड़ गया है,
तो वह धुल गया है।''
सम्पादक महोदय मुस्कराए, बोले-
''हमारे प्रिय भोले!
धुल गया है जो शब्द, उस पर
अपना दिमाग मत खपाओं।
विज्ञप्ति किसकी है,
यह पहले बताओ!
देखो, यदि भाजपाई की है,
तो- 'साय-राज्य में हुआ
प्रदेश का चौतरफा विकास।'
और यदि कांग्रेसी की है
तो- 'साय-राज्य में हुआ,
प्रदेश का चौतरफा विनाश।''

-गिरीश बख्शी

# लाल अंगूर में छिपा है सेहत का खज़ाना

विदेशों में लाल अंगूर से बनी रेड वाइन काफी पी जाती है. अगर आपको लाल अंगूर को अपनी डाइट में शामिल करना है तो पहले इसके ढेर सारे फायदे जान लीजिए. अंगूर तो आपने बहुत खाए होंगे. स्वाद में खट्टे मीठे ये अंगूर सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं. आपने हरा और काला अंगूर तो चखा होगा लेकिन लाल अंगूर शायद ही खाया हो. भारत में लाल अंगूर कम मिलता है लेकिन विदेशों में इसका जमकर सेवन होता है और इससे रेड वाइन भी बनाई जाती है.

अंगूर की किस्मों और रंगों की बात करें तो लाल अंगूर सभी अंगूरों में सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है क्योंकि इसमे ढेर सारे एंटी ऑक्सिडेंट पाए जाते हैं. चलिए जानते हैं कि लाल अंगूर खाने से सेहत को क्या क्या फायदे हो सकते हैं.

सेहत के लिए बेनिफिशयल कहे जाने वाले एंटी ऑक्सिडेंट से भरपूर होने के कारण लाल अंगूर सेहत को बहुत फायदा पहुंचाता है.

ये एंटी ऑक्सिडेंट शरीर में फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं जिससे कई तरह की बीमारियों के रिस्क कम होते हैं. इसके साथ साथ लाल अंगूर विटामिन्स का भी खजाना है, इसमें विटामिन ए और सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है. पोषक तत्वों की बात करें तो लाल अंगूर में ढेर सारा आयरन और कैल्शियम भी मौजूद होता है. लाल अंगूर के सेवन से दिल को स्वस्थ रखा जा सकता है. इसमें पाए जाने वाले फ्लेवेनोएड्स और पोलीफेनोल्स नाम के एंटीऑक्सीडेंट दिल की धमनियों को सुरक्षित रखते हैं और साथ ही दिल की मसल्स को भी जोखिम और सूजन से बचाते हैं. लाल अंगूर के नियमित सेवन से दिल संबंधी बीमारियों का खतरा भी कम होता है.

# सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल स्थगित

अंबागढ़ चौकी (दावा)। प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर पंजीयन क्रमांक 6685 द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर संभाग स्तरीय आंदोलन 4 नवंबर से जारी था, जिसे आज मांग पूर्ति होने पर स्थगित किया गया। लगातार 2 दिन शासन प्रशासन एवं प्रदेश संघ की प्रतिनिधि मंडल द्वारा तीनों मांगों पर कई दौर की चर्चा होने के पश्चात प्रदेश की 2058 सहकारी समिति में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों को मुख्यमंत्री द्वारा पूरा करने का आश्वासन के पश्चात छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आज लिखित में पत्र जारी किया गया। तत्पश्चात हड़ताली कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री, कृषि मंत्री, आयुक्त सहकारिता छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त करते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन को स्थगित कर वापस लौटने का फैसला लिया गया। कर्मचारियों की प्रथम मांग छत्तीसगढ़ की भांति प्रदेश की 2058 समितियां को प्रबंधकीय अनुदान 3 लाख रुपए मिलना चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अंतर विभागीय कमेटी का गठन कर आगे की कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया।

मुख्यमंत्री के आदेशानुसार उपायुक्त सहकारिता द्वारा सहकारिता सचिव छत्तीसगढ़ शासन को तत्संबंधी पत्र लिखा गया, जिसकी छायाप्रति संघ को उपलब्ध कराई गई। दूसरी मांग सेवा नियम 2018 में आवश्यक संशोधन करने का था। इसमें उपायुक्त सहकारिता नया रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, 2018 सेवानियम में आवश्यक संशोधन करते हुए भत्ता एवं वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि किया गया। तीसरी मांग धान खरीदी नीति में आवश्यक संशोधन करते हुए सुखत मान्य करने का था, जिसमें मुख्यमंत्री के द्वारा आदेशित किया गया कि 28 फरवरी के बाद जितना धान उपार्जन केंद्र में रहेगा, उसमें सुखत का प्रावधान किया जाएगा। जिसका लिखित आदेश आज छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष भाईलाल देवांगन ने बताया कि उपरोक्त तीनों मांगों पर लिखित में आश्वासन मिलने की वजह से हड़ताल को स्थगित करने का फैसला लिया गया। शासन प्रशासन एवं संघ के सभी कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए काम में लौटने की अपील किया गया।

शासन प्रशासन ने माना धान सुखता है- प्रदेश में 2058 सहकारी समितियां द्वारा विगत 23 वर्षों से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा समितियों को सुखत मान्य नहीं किया जाता था। शासन और प्रशासन द्वारा यह मान लिया जाता था कि धान नहीं सुखता। शासन के आदेशानुसार 17 प्रतिशत नमी में धान खरीदी किया जाता है और परिवहन करते समय वह नमी घटकर 10 से 11 प्रतिशत हो जाता है। फिर भी शासन प्रशासन द्वारा धान में सुखत नहीं माना जाता था। पूरे प्रदेश में सहकारी कर्मचारियों ने हड़ताल कर धान में सुखत मानने को शासन प्रशासन को मजबूर किया है।प्रदेश के कर्मचारियों की इस मांग को देखते हुए प्रदेश के मुखिया छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री ने माना कि धान सुखता है और 28 फरवरी के बाद जो भी धान उपार्जन केन्द्रों में शेष रहेगा, उसमें सुखत शासन द्वारा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि इस वर्ष धान का परिवहन समय पर हो जायेगा।

# महिला के साथ छेड़खानी करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

## तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र में एक पीड़िता के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। आरोपी का नाम देवनाथ पारधी पिता कन्हैया पारधी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कोलिहापुरी चिचोला थाना छुरिया बताया जाता है।

तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि गत 15 सितंबर को प्रार्थियां शाम साढ़े 4 बजे अपने गांव से पडोस के गांव सांगिनकछार अपनी स्कूटी मे अकेली जा रही थी कि तभी एक मोटर सायकल नंबर सीजी-25/एल 7787 के चालक देवनाथ पारधी द्वारा पीड़िता को अकेली पाकर चलती गाड़ी में गलत नीयत से हाथ पकड़ लिया।

पीड़िता द्वारा हाथ छुडाने पर भी वह छेडखानी करने लगा जिस पर पीडिता के द्वारा पुलिस चौकी तुमडीबोड में लिखित आवेदन करने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 465/2024 धारा 74, 75(2), 78, 351(2) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दिए जाने उपरांत पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देशन पर पुलिस चौकी तुमडीबोड़ द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी का पता तलाश कर आरोपी देवनाथ पारधी कोधर दबोचा गया और पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को शनिवार 11 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी श्री मरई सहित महिला प्रधान आरक्षक चंद्रकली कंवर, आरक्षक थलेश देशमुख, राकेश वर्मा, आर. देवानंद परतेती का कार्य सराहनीय रहा।

## पहला कॉलम...

# पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी सप्लाई हुई बाधित

### वार्ड नंबर 8, 9, 10 एवं 11 के वार्ड में पेयजल की व्यवस्था मरम्मत के बाद ही हो पाएगी

डोंगरगढ़(दावा)। वार्ड पार्षद श्रीमती अनीता लोकेश इंदुरकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कालकापारा वार्ड नंबर 10 में पाइप लाइन फूट जाने के कारण संबंधित वार्ड नं. 8 9 10 एवं 11 प्रभावित हुए थे। जिसे पालिका कर्मचारी एवं अधिकारियों की सक्रियता के कारण बहाल करने का प्रयास युद्ध स्तर पर जारी है।

पाइप मरम्मत का कार्य सुबह से लेकर रात तक काम चल रहा है। मैकेनिक द्वारा बताया गया कि, अगर पाइपलाइन सुधर जाती है तो सुबह पानी की व्यवस्था नलों में हो पाएगी। अगर नहीं सुधरता है तो कल ही पानी की व्यवस्था हो पाएगी।

## द्विवंकल अग्रवाल ने बनाई आकर्षक रंगोली

डोंगरगढ़ (दावा)। तुलसी पूजा के अवसर पर संगीतकार गायक गिरधारी अग्रवाल की छोटी बेटी द्विवंकल अग्रवाल ने अपने घर आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा।

## आज से सेक्टर लेवल क्रिकेट प्रतियोगिता

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सेक्टर लेवल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 13 नवम्बर से किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में 16 महाविद्यालयों की टीमें भाग लेगी। उक्तशय की जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एम.एल. नंदेश्वर ने दी है।

## दुकानदार ने किया महिला के साथ अभद्र व्यवहार, पुलिस में शिकायत

डोंगरगढ़(दावा)। राजीव नगर निवासी प्रार्थियां ने पुलिस को बताया कि, वह नारियल प्रसाद का दुकान लगाती हूं। दिनांक 12 नवंबर को सुबह करीबन 4 बजे अपने दुकान के पास खड़ी थी, उसी समय कस्टमर आया तो मैं नारियल प्रसाद बेची हूं और बड़ी मंदिर के गेट के सामने मेन रोड में आकर खडी थी कि, उसी समय रिंकु चौधरी आया और बोला कि कोठा खोल के दो सौ, पांच सौ रूपये में धंधा करते हो कहने लगे, मेरे द्वारा मना किया गया। उसी समय दोनों के बीच हाथापाई होने लगा। तब चन्दन चन्द्रिकापुरे आया और मुझे मां बहन की गंदी-गंदी गाली गुप्तार कर जान से मारने धमकी देकर दोनों मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया है। जिससे मेरे दाहिने साईड पसली, सिर में, बांये हाथ की छोटी उंगली के बगल वाली उंगली में चोंट लगा तथा मुझे जोर से धक्का देकर गिराकर मारपीट किया है। तब युवती ने घटना के बारे में मां जयमाला बडगे, प्रज्जवल टेम्भुकर को बताया।

## जनजाति गौरव दिवस का आयोजन 15 को

मोहला(दावा)। भारत सरकार जनजाति कार्य मंत्रालय के निर्देशन में जिला मुख्यालय पर 15 नवंबर को एक दिवसीय जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जिला स्तर पर जनजाति गौरव दिवस का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में आयोजित किया जाएगा।

# प्रणय अग्रवाल छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रचार-प्रसार मंत्री मनोनीत

डोंगरगढ़(दावा)। लंबे समय से प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार प्रणय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का प्रचार-प्रसार मंत्री मनोनित किया गया है। गत दिनों रायपुर में समारोह के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा उनकी नियुक्ति की घोषणा की गई।

प्रणय अग्रवाल प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष, टी वी वन इंडिया न्यूज़ केंद्रित राष्ट्रीय समाचार के स्टेट हेड, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिला प्रतिनिधि एवं आजीवन सदस्य के रूप में अपनी सेवा दे रहे है। श्री कृष्ण गौशाला पिंजरापोल ट्रस्ट्र डोंगरगढ़ में सचिव,अग्रवाल सभा के सचिव, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट डोंगरगढ़ में आजीवन सदस्य है।

### छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन देश के श्रेष्ठ संगठनों में शुमार है - प्रदीप मित्तल

शपथ अधिकारी अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने शपथ ग्रहण के पूर्व उपस्थित सामाजिक बंधुओं, मातृ शक्ति एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन देश के श्रेष्ठ संगठनों में शुमार है, विगत माह संगठन की राष्ट्रीय बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन को देशभर में सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया था। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रांतीय मुख्य संरक्षक सियाराम अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह संगठन सेवा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आवश्यकताओ के अनुरूप सहायता प्रदान करते आ रहा है अब समाज को कुछ सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए आगे आना चाहिए । अध्यक्ष डा. अशोक अग्रवाल ने अपने पहले उद्बोधन में कहा कि संघठन के वरिष्ठ सदस्यो के मार्गदर्शन में सभी छोटे - बड़े सदस्य का सहयोग एवं सुझाव लेकर कुछ नया एवं अच्छा से अच्छा कार्य करने का प्रयास करेंगे। एवं अतिशिघ्र सभी ब्लाक जिला संभाग में अग्र सेना का गठन किया जायेगा। प्रणय अग्रवाल की नियुक्ति पर मित्रों ने बधाई देते हुए कहा कि आपकी निरंतर सफलता आपकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का एक सुयोग्य सम्मान है।

# चाचा ने विकलांग भतीजी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया, पुलिस में मामला दर्ज

## विकलांग ने हिम्मत दिखाकर अपनी आबरू बचाई

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि, वह ग्राम दर्राबांधा में अपने माता-पिता के साथ रहती है। वह बाएं तरफ हाथ व पैर से विकलांग है। मैं कक्षा 10 वी तक पढी हूं। दिनांक 10 नवंबर को दोपहर 01/30 बजे के करीब मैं घर पर अकेली थी। तभी मेरे घर मेघनाथ चाचा आए। उनकी आवाज सुनकर मैं अन्दर कमरे से सामने कमरे में आई। तब मेघनाथ चाचा जो बहुत ज्यादा शराब के नशे मे थे मुझे कमर से पकड़ लिए एवं मेरे साथ गंदी-गंदी हरकत कर मेरा सीना दबाने लगे।

तब मैं अपने आपको छुडवाकर कमरे से बाहर निकली एवं आवाज लगाई, मगर कोई नहीं सुना। तब मैं घर अन्दर आई। मेघनाथ चाचा भाग गए थे। फिर चाचा मेरे साथ छेडखानी किया सोचकर मैं हारपिक जो घर में रखा था पी थी। फिर पडोस में अंजोरी चाचा के घर जाकर बताई। तब मेरे घर वालों के बताकर मुझे पेन्ड्री अस्पताल में भर्ती किए। मेरे साथ मेघनाथ यादव के द्वारा मुझे बेइजत करने की नीयत से मेरे साथ छेडखानी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर, मामले को विवेचना में लिया है।

# महाराष्ट्र चुनाव प्रवास पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू

## भाजपा प्रत्याशी संजय पुराम के समर्थन मे गांव-गांव पहुंचकर माँगा आशीर्वाद

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू इन दिनों में महाराष्ट्र विधानसभा में चुनाव प्रचार कर रही है। अध्यक्ष गीता घासी साहू आमगांव- देवरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संजय पुराम को जीत सुनिश्चित के लिए ग्राम गणुटोला, कड़ीकसा, अडमागोंदी, इस्तारी, धमदीटोला, माँगाटोला, काकोड़ी सहित विभिन्न ग्रामों में भाजपा प्रत्याशी संजय पुराम के साथ समर्थन में चुनाव प्रचार प्रसार कर रही है।

राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने भाजपा सरकार की उपलब्धियो को बताते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया जिसमे भाजपा ने अपने इस संकल्प पत्र में महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए बड़ी घोषणाएं की हैं। संकल्प पत्र में बीजेपी ने महिलाओ को हर महीने 2100 रुपए देने की बात कही है। पार्टी ने किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की और युवाओं को 25 लाख नौकरियां देने के वादा किया है। इसके अलावा भी राज्य की जनता के लिए कई घोषणाएं की गयी है। भाजपा ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि यह महाराष्ट्र की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र एक प्रकार से कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है।

गीता साहू ने आगे कहा कि, भाजपा जो संकल्प पत्र लेकर आए हैं, उसमें 25 प्रमुख मुद्दे हैं। लाडली बहन योजना और वृद्धावस्था पेंशन में हम बढ़ोतरी कर रहे हैं। किसानों के ऋण माफ और किसान सम्मान निधि को 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये करेंगे। 10 लाख प्रतिभावान छात्रों को मासिक 10 हजार रुपये का मानदेय देंगे। 45 हजार गांवों में रास्ते बनाए जाएंगे। आशा वर्कर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का बीमा किया जाएगा और उनका मासिक वेतन 15 हजार रुपये तक बढ़ाया जाएगा।

# बूथ समितियों के चुनाव के लिए मंडल भाजपा कुमर्दा की बैठक संपन्न

## बहुत जल्द बूथों में बनेगे बुथ अध्यक्ष - कैलाश शर्मा

खुज्जी (दावा)। भाजपा कुमर्दा मंडल में रविवार को संगठन की बैठक हुई। इसमें सह चुनाव प्रभारी कैलाश शर्मा ने बताया कि 10 से 20 नवंबर तक बूथ के चुनाव संपन्न कराने हैं। इसके लिए शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारी कैलाश शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान के प्रथम चरण में सामान्य व सक्रिय सदस्यता के उपरान्त द्वितीय चरण में बूथ अध्यक्ष तथा बूथ समितियों का चुनाव होगा। सदस्यता महाअभियान में सदस्य बनने से लेकर बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है। बैठक में प्रमुख रूप से कुमर्दा मंडल में संगठन चुनाव के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला में बुथ अध्यक्षो के चुनाव के संबंध में जानकारी दी गई शक्ति केंद्रो की प्रभारी सहप्रभारी का नाम चिन्हांकित किया गया बूथ अध्यक्षों का चुनाव 20 नवंबर के पहले जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया, इसमें प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्राकर, गोपाल साहू, कंसु यादव, किसुन साहु, भुपेंद्र नायक, महामंत्री हिरदेराम देवांगन, गोपाल भूआर्य, दिलेश्वर मानिकपुरी, अनंत तिवारी, ठाकुर राम, सुमीत मंडावी, शिवेंद्र, हृदय राम चंद्रवंशी, भुपेंद्र नायक, विकास साहू, ईश्वर, दिलीप साहू, नवीन, जयप्रकाश, कपील बघेल, मुकेश साहू, गोपाल बघेल एवं समस्त कार्यकर्ता एवं बुथ अध्यक्ष उपस्थित हुए।

# पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों के बीच मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थी भारत कुमार खूंटी निवासी रविदास नगर सतनामी पारा ने पुलिस को बताया कि, वह आटो चलाता है। दिनांक 11 नवंबर की रात्रि लगभग 8 बजे थाना चौक डोंगरगढ के वृन्दा मोबाईल साप में पैसा ट्रांसफर कराने जा रहा था। दुकान के बाजु में रिन्कु यादव खडा था जो पुरानी रंजिश के कारण मुझे देखते ही मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर अपने हाथ में पहने धारदार कडे को पकडकर मेरे सिर में दो तीन जगह मार दिया जिससे मुझे चोंट आकर खुन निकला है। मारपीट की घटना की सुभाष चौरे, गोलू चौरे ने देखे सुने है । रिन्कु यादव मुझे मां बहन की गंदी गंदी गालियां दिया जो सुनने में मुझे बहुत बुरा लगा, रिपोर्ट करता हूं । कार्यवाही चाहता हूं। पुलिस द्वारा प्रकरण को विवेचना में लिया गया।

# ग्राम जोरतराई में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव

बांधाबाजार (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोरतराई में जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव के करकमलो द्वारा भाई दूज युवा मित्र मंडल उत्सव के पावन पर्व उपलक्ष्य में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम का विधिवत गणेश भगवान की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। श्री यादव ने आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर, सरपंच केशकुंवर कुंजाम, विनित शर्मा, संदीप मेश्राम, एकलव्य साहू, विनोद मंडलोई, योगेश कोमरे डॉ सुनील गायकवाड़, साधु राम, योगमाय साहू, रूपसिंग मंडावी, संतोष कोड़पे, अंबाबाई उमेश मांडवी, अभय ठाकुर, इशू मंडलोई, मनीष कुंजाम, केशल कंवर, शिव निर्मलकर एवं आयोजन समिति के सदस्य सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# घर में घुसकर गर्भवती गाय के साथ मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थिया श्रीमती अनीता यादव निवासी ग्राम मुंगलानी पुलिस चौकी चिचोला ने पुलिस को बताया कि, वह खेती किसानी का काम करती है। ग्राम मुंगलानी निवासी घनश्याम चन्द्रवंशी पिता स्व. शंकरलाल चन्द्रवंशी द्वारा दिनांक 07 नवंबर के शाम 5:45 बजे लगभग मेरे घर अंदर घुंसकर मेरे गाय को बेरहमी से मारा गया। मेरे मना करने पर घर के बाहर निकल कर गंदी-गंदी अश्लील गाली गलौच भी किया है। जिसे मेरी बहु मासी यादव ने भी देखी सुनी है। साथ ही रात को गाय की स्थिति देखकर डॉक्टर बुलाकर ईलाज कराया है। तब डॉक्टर ने कहा कि गाय गर्भ से है। अतः पुलिस से उचित कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2024, दावे तथा आपत्तियां 13 नवम्बर से प्राप्त की जाएगी

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करने हुए नगर पालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक नामावली तैयार करने के संशोधित कार्यक्रम अंतर्गत दावे तथा आपत्तियां 13 नवम्बर से प्राप्त की जाएगी।

**0 नगर पालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी**

दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर अपरान्ह 3 बजे तक है। दावे-आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 24 नवम्बर, प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर, प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। दावे-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर अपील की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि 5 दिसम्बर तक सॉफ्टवेयर में किया जाएगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु 7 दिसम्बर 2024 तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ 10 दिसम्बर 2024 तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा।

# आयुक्त ने किया पत्रकार कालोनी का निरीक्षण

**राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव प्रेस क्लब हाउसिंग सोसायटी कालोनी के फेस-टू में मूलभूत सुविधाओं के तहत सीमेंट रोड, आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य का आज नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि एवं प्रेस क्लब हाउसिंग सोसायटी कालोनी के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन के साथ निरीक्षण कर कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।**

## कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मांग पर शासन द्वारा राजनांदगांव के पत्रकारों के लिये बसंतपुर डोंगरगांव रोड में आवासीय भूमि का आबंटन किया था, जहॉ आबंटित पत्रकारों द्वारा आवास का निर्माण किया जावेगा। पत्रकार कालोनी में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी एवं रोड नाली निर्माण के लिये शासन से पूर्व में प्रदत्त राशि से नगर निगम द्वारा सीमेन्ट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण किया गया तथा विद्युत मण्डल के माध्यम से विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर व विद्युत तार लगाया गया और अब फेस-टू के लिए प्रदत्त राशि से बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पी.सी.सी. रोड व आर.सी.सी. नाली का निर्माण कराया जाना है। जिसके लिए आज आयुक्त श्री विश्वकर्मा प्रेस क्लब के पदाधिकारियों तथा तकनीकि अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की।

प्रेस क्लब फेस-टू में निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा ने जानकारी दी कि, पी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य प्रारंभ है और बाउण्ड्रीवाल व आर.सी.सी. नाली के लिए ले-आउट दिया जा रहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि, बाउण्ड्रीवाल एवं नाली के कार्य तत्काल प्रारंभ करें और पी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य में तेजी लाकर समयसीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि, गैंग बढ़ाकर दोनो कार्य कराए जिससे कार्य में रूकावट न हो और प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मंशानुरूप निर्माण पूर्ण हो।

उन्होंने फेस-वन के शेष कार्य रोड निर्माण एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य भी शीघ्र कराने कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके से कहा, कार्य नही करने पर ठेकेदार को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उपअभियंता सुश्री आयुषी सिंह सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में साइबर जागरूकता एवं कुपोषण विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर मैम के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई 01 प्रो. संजय सप्तर्षि, इकाई 2 प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कुतुलबोड़ भाटागांव का आयोजन, युवा भारत के लिए युवा, डिजिटल भारत के लिए युवा विषय पर आयोजित किया गया है। सात दिवसीय विशेष शिविर का विशेष सत्र बौद्धिक परिचर्चा जिसके अंतर्गत प्रत्येक दिन विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवियों और ग्रामीण जनों को जागरूक किया जाता है। बौद्धिक बारीचर्चा के तीसरे दिवस के सत्र में साइबर सेल जिला राजनांदगांव से एएसआई सुमन कर्ष, साइबर सेल टीम उपस्थित रहे। साथ ही साथ महिला एवं बाल विकास विभाग क्षेत्र डोंगरगांव से सी.डी.पी.ओ. डॉ.वीरेंद्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि साइबर सेल सुमन कर्ष एवं उनके टीम द्वारा साइबर अपराध से बढ़ते क्राइम ऑनलाइन फ्रॉड, फोटो फॉर्मिंग, बुलिंग जैसे विभिन्न साइबर अपराध से जागरूक किया गया। साथ ही नवा बिहान रथ और साइबर पम्पलेट के माध्यम से ग्रामीणों एवं युवाओं को साइबर अपराध से बचने हो रहे है अपराध को रोकने के विषय प्रेरित किया गया। साथ ही सर द्वारा स्वयंसेवियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का प्रभावशाली प्रेरणापूर्ण उत्तर दिया गया जिससे स्वयंसेवी संतुष्ट कर अत्यंत जागरूक हुए विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र साहू द्वारा कुपोषण, मलेरिया, डेंगू जैसे बीमारियों से बचने ओर सुरक्षा बरतने को जागरूक किया गया। उनके द्वारा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के विषय में ग्रामीणों एवं युवाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन विनोद कुमार टेम्भुकर द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी इकाई 1 प्रो. संजय सप्तर्षि, इकाई 2 प्रो. करुणा रावटे, शिविर नायक दीपक, शिविर नायिका भुनेश्वरी, मेष प्रभारी देविका चितरंजन सांस्कृतिक प्रभारी धीरज, स्वच्छता प्रभारी वीणा के साथ-साथ अन्य 103 स्वयंसेवी और समस्त स्कूल विभाग और स्कूली बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बकाया वेतन न मिलने से नाराज सफाई कर्मी रहेंगे हड़ताल पर

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम के नवनियुक्त आयुक्त अतुल विश्वकर्मा का सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय नायक (गोलू) के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने विगत दिनों गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वहीं वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मियों ने आयुक्त को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द वेतन भुगतान करने का आग्रह किया है।

सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय नायक (गोलू) ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मियों ने अक्टूबर माह का वेतन न मिलने से नाराज होकर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इससे पूर्व सफाई कर्मचारी संघ के माध्यम से पूर्व निगम आयुक्त एक पत्र के माध्यम से अक्टूबर माह के वेतन का शीघ्र भुगतान करने की मांग की थी। जिन्होंने वेतन के कुछ अंश को अग्रिम के रूप में देकर महज खानापूर्ति करने का काम किया था जो नाकाफी था। उक्त मांग सामने दीपावली पर्व को देखते हुए की गई थी। संघ ने यह दलील थी कि, महंगाई के इस दौर में जहां सफाई कर्मियों के परिवार को घर चलाने में दिक्कतें जाती है। वहीं दीपावली पर्व पर पैसों की और भी ज्यादा जरूरत पड़ती है।

उन्होंने आगे बताया कि, सालों बाद पहली बार बिना वेतन के ही दीवाली मनानी पड़ी, जबकि शासन का स्पष्ट आदेश था कि, अक्टूबर माह का वेतन अक्टूबर माह में ही दीवाली पर्व के पहले भुगतान किये जाने का था, लेकिन बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि, समय-सीमा के भीतर वेतन का भुगतान नहीं हो पाया। यहां तक कि, दीपावली पर्व के गुजर जाने के बाद भी और नवंबर महीना लग जाने के बाद भी, अक्टूबर माह का हमारा वेतन आज भी अटका पड़ा है। समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण हमारे सभी सफाई कर्मचारियों को आर्थिक समस्याओं के बोझ तले दबना पड़ रहा है और अनावश्यक कर्ज लेना पड़ रहा है। वेतन जारी करने, हमारे द्वारा पुनः पूर्व आयुक्त से आग्रह किया गया तो, उनके द्वारा अक्टूबर माह का वेतन 10 नवम्बर से पहले करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन उक्त समय-सीमा बीत जाने के बावजूद भी निगम वेतन न जारी कर सका। निगम की वादाखिलाफी से नाराज होकर ही सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

# कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याओं को, निराकरण के दिये निर्देश

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें।

कलेक्टर जनदर्शन में आज 04 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार तहसील खडगांव के ग्राम पुसेवाड़ा निवासी श्री धनसिंह ने वन भूमि का पट्टा प्रदाय करने के संबंध में आवेदन दिया। इसी प्रकार जिले के अन्य आवेदकों ने अपने आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर से गुहार लगायी है।

# नगरीय निकाय चुनाव के पहले गरीब आवास योजना को पट्टा देने प्रशासन ने लगाई मोहर

राजनांदगांव (दावा)। कभी-कभी सरकार को आम आदमी या आम पार्टी कार्यकर्ता की बात जंच जाति है और वह बड़े स्तर पर निर्णय बन जाता है। ऐसा ही राजनांदगांव के लखोली स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 60 के प्रभारी व भाजपा के युवा नेता संतोष साहू ने कुछ दिनों पहले मांग उठाई थी। कि गरीब आवास हिनो को पट्टा दिया जाए।

इसी के साथ उन्होंने गरीब आवास हिनो की तकलीफों को शासन के समक्ष रखा था शासन ने मानवता दिखाते हुए उनके मांग पर विचार किया और यह निर्णय लिया है। कि नगरी निकाय चुनाव के पहले गरीब आवास योजना को पट्टा दे दिया जाएगा ताकि उन्हें रहने बसने की समस्या ना हो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मंशा के अनुरूप गरीबों का कल्याण हो सकें।

श्री साहू ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव से पहले सरकार ने लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। लंबे समय से पट्टे का इंतजार कर रहे आवासहीन लोगों को अब सरकार पट्टा देने जा रही है। शहर में छह सौ फीट भूमि के लिए पट्टा दिया जाएगा। इसकी अवधि 30 साल के लिए तय की गई है। जिला प्रशासन ने अफसरों की ड्यूटी लगाने के साथ ही बैठक के बाद सर्वे का काम भी शुरू कर दिया है। इस आदेश के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रारूप-क में एक रजिस्टर तैयार करेगा। प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र के प्रत्येक कुटुम्ब के अधिभोग के अधीन भूखंड को दर्शाने वाली स्थल योजना तैयार करवाएगा। प्राधिकृत अधिकारी ऐसे क्षेत्रों का भुवन या मुक्तस्रोत के नक्शे के आधार पर एक ले-आउट तैयार करेगा। शासन द्वारा आवासहीन लोगों को अगले तीन दशक यानि 30 साल के लिए यह पट्टा जारी किया जाएगा। हालांकि इसके लिए निकाय द्वारा तय किए जाने वाला विकास शुल्क लिया जाएगा। वहीं जिस भूमि के लिए पट्टा मांगा गया होगा। वहां उक्त परिवार का कम से कम पांच साल पूर्व से कब्जा होना जरूरी है। भाजपा के इस ऐतिहासिक फैसले के लिए श्री साहू ने शहर सहित प्रदेश के नेताओं का आभार व्यक्त किया हैं।

# साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 को

## मुख्यमंत्री, विधानसभा स्पीकर सहित समाज के प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू होंगे शामिल

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर दिन रविवार को स्थान साहू सदन में किया जा रहा है। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनंदन एवं उद्बोधन तथा सामाजिक परिचायिका सामाजिक दर्पण का विमोचन किया जायेगा। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू एवं नीलमणी साहू ने बताया कि 24 नवंबर रविवार को परंपरागत रूप से होने वाले राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है आयोजन में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ.रमन सिंह उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पांडे, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू सहित अन्य मंत्री व विधायकगण, स्वजातीय विधायक अपनी गरिमामय उपास्थि प्रदान करेंगे।

जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने 24 नवंबर रविवार को होने वाले वृहद राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन समारोह में समस्त पदाधिकारीगण, प्रमुख सलाहकार, सभी उपाध्यक्षद्वय, संगठन सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, उपकोषाध्यक्ष, अंकेक्षक सभी प्रकोष्ठ के संयोजकों - सचिवों एवं सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है, साथ ही उन्होंने बताया कि इस दौरान अनेक जोड़ों का आयोजन स्थल पर ही चट मंगनी पट ब्याह के तर्ज पर विवाह संपन्न कराने का प्रयास होगा। महामंत्री नीलमणी साहू के अनुसार इस दौरान समाज के प्रतिभाशाली लोगों का मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। महामंत्री नीलमणी साहू बताया कि परिचय सम्मेलन की समस्त पंजीयन विज्ञापन प्रिंटिंग कार्य पूर्णता के लिए दिनांक 13 नवंबर दिन बुधवार से 17 नवंबर दिन रविवार तक, साहू सदन-राजनांदगांव में भी प्रिंटिंग डिजाइनर की टीम डिजाइनिंग करेंगी। पंजीयन युवक-युवती एवं विज्ञापन की अंतिम तिथि 17 नवंबर रविवार तक ही स्वीकार किए जाएंगे। महामंत्री नीलमणी साहू ने स्वजातीय जनों से विनम्र निवेदन करते हुए, युवक युवती पंजीयन एवं पारिवारिक व सामाजिक क्षेत्रों की विज्ञापन ग्राम परिक्षेत्र तहसील एवं अन्य सामाजिक प्रतिष्ठानों से प्राप्त कर जिला साहू संघ के साहू सदन में जमा करने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया है।

# सीसी रोड भूमिपूजन में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव

अंबागढ़ चौकी (दावा)। ब्लॉक के ग्राम बांधाबाजार में बालाजी मुख्य मार्ग 10 लाख रुपए का सी सी रोड का जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने अपने जिला पंचायत निधि से राशि स्वीकृत कर सी सी रोड का भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच प्रीति चौहान, संदीप मेश्राम पंच, आशीष ठक्कर, गुलाबचंद खंडेलवाल, रामू खंडेलवाल, उमेंद्र धुर्वे, मुरारी खंडेलवाल, पवन कुमार, संतोष चौधरी, विनीत शर्मा, एकलव्य साहू, गौरव शर्मा, नरेंद्र कुमार, भगवान दास, कीर्ति कुलदीप, नारायण कुलदीप, अनीता बाई, राजो बाई, यमेश्वरी बाई, प्यारेलाल, ऋषि कुंभकार,सहित ग्रामीण जन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# छात्रों द्वारा गुटी बांधने की तकनीक का प्रदर्शन

हरदी (दावा)। पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव ग्राम धामनसरा में 12 नवंबर को अधिष्ठाता डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली के मार्गदर्शन में चतुर्थ वर्ष के रावे के छात्रों द्वारा गुटी बांधने की तकनीक का प्रदर्शन कर उसके लाभ स्कूली छात्र-छात्राओं को सिखाया। इस प्रवर्धन विधि से जल्दी पौध तैयार करने के बारे में वर्णन किया। इस विधि से अमरूद तथा लीची के पौध बेहद कम समय में तैयार कर सकते है तथा उत्तम किस्म का चुनाव कर बेहतर फल उत्पादन प्राप्त कर सकते है तथा इस विधि में गुटी तैयार होने में 3 माह का समय लगता है तथा इस विधि का प्रदर्शन स्कूल में किया गया प्रदर्शन के दौरान कुशल जोशी, कनक, हर्षिता, दीक्षा, लेमप्रीती, करीना, जीवन, डोमेश्वर, ईशा, जय, कन्हाई, हनी, जागेश्वर, खोमलाल, लोमश ने मिलकर इस विधि का वर्णन किया।

## प्रथम पेज का शेष

**0 शाहरुख खान को धमकी देने....**

बीएनएस की धारा 308 4, 351 3 4, के तहत शिकायत दर्ज है। मुंबई पुलिस की शुरुआती जांच में पता है कि जिस मोबाइल नंबर से फोन किया गया था, वो नंबर छत्तीसगढ़ के रायपुर के फैजान नाम के शख्स का है। पुलिस की साइबर सेल की ओर से नंबर ट्रेस करने पर रायपुर का लोकेशन मिला है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस फैजान को रिमांड पर लेकर मुंबई जाएगी और उससे पूछताछ करेगी। इससे पहले भी शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिल चुकी है, जिसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।पिछले साल मशहूर निर्देशक संजय गुप्ता ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट कर शाहरुख की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि, '90 के दशक में शाहरुख इकलौते ऐसे एक्टर थे जो अंडरवर्ल्ड के आगे नहीं झुके। उन्होंने कहा कि गोली मारनी है तो मार दो, पर तुम्हारे लिए काम नहीं करूंगा। मैं पठान हूं, शाहरुख आज भी वैसे ही हैं।'

**0 समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों...**

स्वीकृत कर दी गई है, जिसमें सभी कर्मचारियों में हर्ष एवं उल्लास व्याप्त है।

खाद्य विभाग द्वारा इस आशय का पत्र भी जारी कर दिया गया है कि धान उपार्जन समाप्त होने के एक माह के अंदर धान का उठाव राइस मिलर्स एवं विपणन संघ द्वारा किया जाएगा, यदि इसके पश्चात् भी उपार्जन केन्द्रों में धान शेष रहता है तो खाद्य विभाग द्वारा सहकारी समितियों को धान की सूखत दिये जाने संबंधी प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित किया जाएगा।

कर्मचारियों की अन्य मांग के निराकरण के संबंध में खाद्य विभाग, वित्त विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं विपणन संघ को शामिल करते हुए एक अंर्तविभागीय समिति का गठन किया गया है, जो कर्मचारी संघ की मांग पर विचार कर निराकरण हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा संवेदनशीलता के साथ सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों के निराकरण करने पर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। सभी कर्मचारी अपनी-अपनी समितियों में कार्य में वापस आ गए हैं तथा 14 नवम्बर से प्रारंभ हो रही धान खरीदी की समुचित व्यवस्था में लग गए हैं। कर्मचारियों द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया है कि किसानों को धान उपार्जन के दौरान किसी प्रकार की कोई कठिनाई नही होगी। धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी 13 नवम्बर तक पूर्ण कर ली जाएगी। आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ धान उपार्जन सुगमतापूर्वक किये जाने के निर्देश सभी विभागीय कर्मचारियों-अधिकारियों को दिये गये हैं। धान उपार्जन के दौरान उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिये हैं।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा 4 नवम्बर से की जा रही हड़ताल आज समाप्त घोषित कर दी गई है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष नरेन्द्र साहू ने समिति कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त घोषित करते हुए कहा है कि समस्त समिति कर्मचारी शासन की समस्त योजनाओं का समिति स्तर से क्रियान्वयन किए जाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। कर्मचारी महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव बसव राजू एस., सचिव सहकारिता डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ कुलदीप शर्मा, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक के.एन काण्डेय सहित अन्य अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

**0 एयरपोर्ट पर उद्धव ठाकरे की...**

बैग भी चेक किए जाते हैं। राउत ने आरोप लगाया कि केवल विपक्षी नेताओं के सामान की जांच की जाती है, जबकि सत्ताधारी नेताओं के सामान की चेकिंग नहीं होती। इस पर शिंदे गुट ने राउत के आरोपों को झूठा बताया और कहा कि खुद शिंदे के बैग की भी जांच हो चुकी है। यवतमाल एयरपोर्ट पर बैग चेक किए जाने पर उद्धव ठाकरे ने हेलीकॉप्टर से उतरते ही चुनाव आयोग के अधिकारियों ने उनका बैग चेक करना शुरू कर दिया। इस पर उद्धव ने वीडियो बनाते हुए कहा कि उनके बैग की जांच करना ठीक है, लेकिन मोदी और शाह का बैग भी चेक होना चाहिए। उद्धव ने अधिकारियों से कहा कि आप लोग मेरा बैग तो चेक करो लेकि जब पीएम मोदी और दूसरे नेता तो उनका बैग चेक करने बजाय अपनी 'पूंछ' नहीं झुका लेना। जो भी जांच करनी है, बिना किसी दबाव के करनी चाहिए।

उद्धव ठाकरे ने इस पूरे मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। वीडियो में वे अधिकारियों से सवाल करते नजर आए कि क्या अब तक मोदी, शाह या अन्य बड़े नेताओं का बैग चेक किया गया है। उद्धव ने कहा कि जांच करने का तरीका सभी के लिए एक समान होना चाहिए, चाहे वह कोई भी नेता हो। उद्धव ने यह भी कहा कि वह इस वीडियो को जारी करेंगे और लोगों को बताएंगे कि जांच किस तरह होनी चाहिए। उद्धव ठाकरे का बयान महाराष्ट्र के राजनीतिक माहौल को और गरमा रहा है। चुनाव नजदीक होने के कारण शिवसेना और बीजेपी के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। महाराष्ट्र में विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। शिंदे गुट के प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने संजय राउत पर बिना आधार वाले आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शिंदे के बैग की भी जांच हुई थी, और उन्होंने इस पर किसी प्रकार का विवाद नहीं खड़ा किया। हेगड़े ने यह भी कहा कि ठाकरे गुट सिर्फ मीडिया में सनसनी फैलाने की कोशिश कर रहा है। उनका मानना है कि यह मुद्दा सिर्फ चुनावी लाभ के लिए उठाया गया है।

उद्धव ठाकरे ने अधिकारियों से भी सवाल किए कि जब बड़े नेता महाराष्ट्र में प्रचार के लिए आएंगे, तो क्या उनके बैग भी चेक किए जाएंगे। ठाकरे ने चुनावी रैली में कहा कि वे अपने बैग की जांच पर ऐतराज नहीं करते, लेकिन यह जांच निष्पक्ष होनी चाहिए। सरकार में पैसे का लेन-देन हो रहा है, और इसे नजरअंदाज किया जा रहा है।

महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और नतीजे तीन दिन बाद घोषित किए जाएंगे। उद्धव ठाकरे की शिवसेना, कांग्रेस, और एनसीपी (शरद पवार) के साथ मिलकर बीजेपी और शिंदे गुट के खिलाफ चुनाव लड़ रही है।

**0 आज झारखंड की 43 सीटों...**

पार्टी को हवाई मार्ग से भेजा गया है. सीआरपीएफ और अन्य अर्धसैनिक बलों की तैनाती राज्य में की गई है. कई यूनिक और मॉडल बूथ बनाए गए हैं, जहां मतदाताओं के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध होंगी. मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं. लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की जा रही है. यूनिक बूथों पर झारखंड की कला और शिल्प की भी झलक दिखेगी.

**0 जालसाजी मामले में कांग्रेस....**

जगदीश टाइटलर ने आपराधिक साजिश रची और तत्कालीन गृह राज्य मंत्री अजय माकन द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री को संबोधित एक जाली पत्र के आधार पर मेसर्स जेडटीई टेलीकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों को धोखा देने और उक्त कंपनी से अवैध रिश्वत प्राप्त करने का प्रयास किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को संबोधित एक जाली पत्र यह धारणा बनाने के लिए भेजा गया था कि चीनी अधिकारियों के लिए वीजा नियमों में ढील दी जा रही है।

गृह मंत्रालय (विदेशी प्रभाग) द्वारा 2009 में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, व्यापार वीजा पर भारत में आए सभी विदेशी नागरिकों को उनके मौजूदा वीजा की अवधि समाप्त होने पर या अक्टूबर 2009 तक देश छोड़ने के लिए कहा गया था। इसलिए विदेशी नागरिकों के वीजा के विस्तार के कारण ऐसा करना आवश्यक हो गया था। आरोप है कि वर्मा और टाइटलर ने जाली पत्र का इस्तेमाल चीनी दूरसंचार अधिकारियों को यह विश्वास दिलाने के लिए किया था कि केंद्र सरकार के साथ वीजा की स्थिति को सुलझा लिया गया है।

**0 सतह पर मार करने वाली लंबी....**

सफल प्रथम उड़ान परीक्षण पर डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा, यह भविष्य के स्वदेशी करूज मिसाइल विकास कार्यक्रमों का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने मिसाइल के पहले सफल प्रक्षेपण पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी।

**0 ओबीसी, एसटी-एससी के....**

लगाया है, बल्कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने आरोप लगाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब कहते हैं कि 'एक रहोगे, तो सेफ रहोगे' तो कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेता इस पर टोंट मारते हैं और फिर चुनाव आयोग में जाते हैं। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सच्चाई यह है कि उनको एकता में परेशानी है, किन्तु देश को तोड़ने वाली ताकतों का खुला समर्थन लेने का षडयंत्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया समूह को अपनी हार दिखाई प? रही है, तो सिर्फ वोट पाने के लिए मुस्लिम समुदाय के कट्टरवादी और विभाजनकारी तत्वों से समर्थन लेने का षडयंत्र कर रहे हैं।

# कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का दीपावली मिलन संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का दीपावली मिलन समारोह विगत 10 नवंबर रविवार को कान्यकुब्ज सांस्कृतिक भवन, खंडेलवाल कालोनी, कौरिनभाठा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं के सम्मान के साथ साथ बच्चों की फैंसी ड्रेस, डांस और क्विज प्रतियोगिता तथा महिलाओं की रंगोली व पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। डॉ. अरूण शंकर दीक्षित जी एवं आशीष त्रिपाठी के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर एवं ई.सी.जी. परीक्षण किया गया। संरक्षक डॉ.अरूण शंकर दीक्षित, ऋषिकुमार तिवारी, कमलेश तिवारी, प्रो.आर.पी. दीक्षित, प्रकाशचंद्र शुक्ला, अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी, महिला शाखा की अध्यक्षा श्रीमती ममता अवस्थी ने दीप प्रज्जवलित किया एवं मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। महिला शाखा की सदस्याओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

संरक्षक डॉ. अरूण शंकर दीक्षित एवं अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा तथा सुरेन्द्र दुबे ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में सभी को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का व्यवस्थित संचालन करने में सह सचिव भूपेन्द्र बाजपेयी, प्रसन्न तिवारी, आदित्य एवं अंशुमान बाजपेयी, शैलेन्द्र बाजपेयी तथा मोहन मिश्रा ने विशेष भूमिका निभाई वहीं अन्नकूट की व्यवस्था में विकास एवं विवके शुक्ला ने पूरा कार्यभार सम्हाला।

अंबागढ़ चौकी से अरूण शुक्ला एवं शोभाशंकर बाजपेयी भी उपस्थित हुए। अखिलेश तिवारी के निर्देशन में कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन श्रीमती स्नेहा तिवारी ने किया। उनके साथ श्रीमती अचला अवस्थी एवं श्रीमती शिखा दुबे के सहयोग से बच्चों की फैंसी ड्रेस और डांस एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं रोचक प्रतियोगिताएं तथा महिलाओं की पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।

प्रतिभा सम्मान-डॉ. प्रांजल तिवारी (स्व.महादेवी ज्वालाप्रसाद मिश्रा पदक, प्रायोजक श्रीमती रानी देवी जमुना प्रसाद मिश्रा) डॉ. शिवम शुक्ला स्व. कीर्ति तिवारी पदक, प्रायोजक-स्व. श्रीमती पुष्पा तिवारी), डॉ. सुश्री ऐश्वर्या तिवारी स्व. शंकर प्रसाद स्व. पार्वती देवी पदक (प्रायोजक-श्रीमती विमलादेवी सूर्यप्रकाश द्विवेदी) डॉ. सुश्री विशाखा शुक्ला (स्व. गायत्री देवी संतन भगवान मिश्र पदक, प्रायोजक-श्रीमती शकिदेवी जगदीश प्रसाद मिश्रा) आयुष तिवारी (स्व.ओमप्रकाश द्विवेदी प्रायोजक निखिल द्विवेदी) आदित्य बाजपेयी(स्व. शिवबिहारी शुक्ला पदक प्रायोजक सचिन देव शुक्ला) कु. प्रेरणा शुक्ला (स्व.सत्यवती मिश्रा पदक प्रायोजक-अवधेश मिश्रा) इशिता तिवारी (स्व.लीलादेवी त्रिवेदी पदक, प्रायोजक-श्रीमती सुनीता शशिकांत त्रिवेदी) कु. जान्वी तिवारी स्वप्निल तिवारी, कन्या सरस्वती सम्मान एवं (स्व.गिरिजा प्रसाद अनुराधा देवी मिश्रा पदक प्रायोजक-मनीष मिश्रा) एवं स्व.पं.काशीनाथ बाजपेयी स्मृति कन्या सरस्वती सम्मान (रु.5000/-) प्रायोजक नीरज बाजपेयी। दसवीं कक्षा में सर्वाधिक अंक (92.40 प्रतिशत) चि. सिद्ध द्विवेदी (स्व.चद्रभागा शुक्ला प्रायोजक-श्रीमती कनक विजय कुमार शुक्ला) कु. सान्वी तिवारी (स्व. पार्वती देवी शुक्ला प्रायोजक स्व.जयनाथ शुक्ला) कु. साची द्विवेदी (स्व. जयनाथ शुक्ला प्रायोजक सचिन देव शुक्ला) चि. अरिजीत कुमार त्रिवेदी (स्व.श्रीमती विद्यावती स्व. जगतनारायण तिवारी पदक प्रायोजक-श्रीमती ज्योति दीक्षित एवं श्रीमती शिखा तिवारी) प्रदान किये गये। राहुल बाजपेयी को पुलिस उप निरीक्षक के पद पर चयनित होने पर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। श्रीमती ज्योति दीक्षित एवं श्रीमती शिखा मिश्रा द्वारा प्रदत्त स्व. श्रीमती विद्या तिवारी स्मृति छात्रवृत्ति कु. आराध्या दुबे एवं कु. हिति दुबे को प्रदान की गई। बच्चों की फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता- कु. दित्या शुक्ला, अदविक मिश्रा, शिव्या शुक्ला, नव्या शुक्ला, राघव शुक्ला, श्रेया मिश्रा, आध्या मिश्रा, सक्षम त्रिवेदी, हिति दुबे एवं आराध्या दुबे, अनीका त्रिवेदी, शौर्य त्रिवेदी, श्रेया मिश्रा।

महिलाओं की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता- श्रीमती सुषमा एवं जया शुक्ला , श्रीमती प्रियंका मिश्रा, श्रीमती मीनल बाजपेयी तथा सुश्री अनुश्रुति बाजपेयी ने ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

रंगोली प्रतियोगिता- श्रीमती संचिता शुक्ला, जया शुक्ला, प्रेरणा बाजपेयी, मनीषा बाजपेयी, आरोही बाजपेयी, अपर्णा मिश्रा एवं शिखा दुबे ने सुंदर एवं आकर्षक रंगोलियों के कार्यक्रम में रंग भर दिये। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता - आर्ना मिश्रा, दिव्य तिवारी, अभ्युदय तिवारी, आराध्या दुबे, हिति दुबे, नव्या शुक्ला, राघव शुक्ला, अनुष्का बाजपेयी, आनंदी अवस्थी, आरोही बाजपेयी, अभिज्ञान बाजपेयी, सान्वी तिवारी, चैतन्या त्रिवेदी, एवं प्रेरणा शुक्ला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष शामिल हुए। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष वी.डी तिवारी ने किया। उपरोक्त जानकारी सचिव अजय शुक्ला ने दी।

## जोंधरा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कल

जोंधरा (दावा)। ग्राम जोंधरा में आगामी 14 नवंबर दिन गुरूवार को रात्रिकालीन ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन युवा क्लब जोंधरा के तत्वाधान में आयोजित किया गया है, जिसमें सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ स्तर के कबड्डी टीमों को आयोजन समिति द्वारा आर्मत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ आने वाली टीमो को क्रमशः 7001 रूपये, 5001 रूपये, 3001 रूपये, , 2001 रूपये के नगद पुरस्कारो से सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बेस्ट प्लेयर, बेस्ट केचर एवं ऑलराउंडर खिलाड़ियों के लिये अलग से पुरस्कारो सहित पदकों की व्यवस्था रखी गयी है।

# कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारी व व्यवस्था की गहन समीक्षा की

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन गंभीरता पूर्वक करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी मुख्यालय छोड़ने के पूर्व विधिवत अनुमति और अवकाश स्वीकृति के उपरांत ही मुख्यालय से बाहर प्रस्थान करें। उन्होंने कड़ी निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिवस से अधिक दिवस की अवकाश स्वीकृति के लिए विधिवत अनुमति लेकर ही मुख्यालय से अन्यत्र प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी की तैयारी और व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिले में धान खरीदी के लिए सभी मूलभूत आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लेवें। उन्होंने गिरदावरी की सही तरीके से जांच और सत्यापन करने, पंजीयन का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। किसानों के पंजीकृत खसरों का सत्यापन करने, बोये गये फसल का सत्यापन करने कहा गया है। धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक रूप से पर्याप्त मात्रा में बारदानों की व्यवस्था करने, सीमावर्ती जिले से अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने के लिए चेक पोस्ट की व्यवस्था करने, धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के लिए निगरानी दल का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं। धान खरीदी केंद्रों में पारदर्शिता

- स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत घर-घर से कचरा संग्रहण करने पर दिया गया जोर
- जल जीवन मिशन : सभी गांव में पानी टंकी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश
- लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें
- कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

बनाए रखने के लिए सीसीटीवी की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं। धान खरीदी के दौरान किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैनर लगाने, छाया की व्यवस्था करने, पेयजल की व्यवस्था करने कहा गया है। धान खरीदी के दौरान सभी धान खरीदी केंद्रों में विशेष साफ-सफाई रखने निर्देशित किया गया है। किसानों को बेचे गये धान का भुगतान में कोई दिक्कत ना हो इसका विशेष ध्यान रखने कहा गया है। पूर्व वर्ष में जिस समिति में किसी प्रकार की गड़बड़ी हुई हो उस धान खरीदी केंद्र में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर से कचरा संग्रहण करने और व्यवस्थापन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा किसी स्वच्छ भारत मिशन में अच्छी प्रगति दिखनी चाहिए, कचरा सड़क पर नहीं दिखनी चाहिए। बेहतर कार्य योजना निर्धारित करते हुए इस दिशा में कार्य करने निर्देशित किया गया है। कुछ ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत बनाते हुए आसपास के क्षेत्र से कचरा संग्रहण कर मैनेजमेंट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में पानी टंकी का निर्माण करने और पाइपलाईन बिछाकर घर-घर में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने कहा है। मोटर पंप संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इसमें किसी प्रकार की कोताही ना हो, इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी निर्धारित समय में लंबित प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। संबंधित हितग्राही के हित को ध्यान में रखकर प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने और हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा गया है। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भड़भड़ी जंगल में दिखा तेंदुए का दस्तक

**गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर के भड़भड़ी जंगल में तेंदुए की फुटेज देखी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भड़भड़ी जंगल से लगा हुआ, वकील रमाकांत चौबे का पक्का मकान है जहां पर उन्होंने घर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाया हुआ है उक्त कैमरे में ही तेंदुए नुमा जानवर का फुटेज देखा गया है।**

सीसीटीवी में कैद हुआ फुटेज, कराया गया मुनयादी

प्राप्त जानकारी अनुसार बीते 4 नवम्बर एवं उसी के आस पास की अलग-अलग तारीखों में रात्रि में सीसी टीवी में तेंदुए का फुटेज देखा गया। वकील रमाकांत साहू से सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि उनके मकान के आस पास 2-3 कुत्ते हमेशा रहते थे जब से तेंदुआ का दस्तक हुआ है तब से कुत्ते भी गायब है।

आगे उन्होंने बताया कि दूरपता मंदिर के पास स्थित तालाब के पास किसी जानवर घसीटने का भी निशान देखा गया है। हालांकि सीसीटीवी फुटेज में देखने पर तेंदुआ नुमा जानवर की आकृति तो नजर आता है परंतु स्पष्ट नही होने के कारण तेंदुआ है या कोई दूसरा खूंखार जानवर है ये स्पष्ट नही हो पा रहा है।

> *तेंदुआ है या कोई दूसरा जानवर ये स्पष्ट नही हो पा रहा है फिर भी एतिहात के तौर पर आस पास गावो में मुनयादी करवाया गया हैं।*
> ***सलीम कुरैशी,विभाग गंडई रेंजर***

# सक्रिय सदस्यता अभियान में अम्बागढ़ चौकी मंडल जिले में अव्वल

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी भाजपा की ओर से विगत 3 सितंबर से 15 नवंबर तक चलाए जा रहे सदस्यता अभियान का कार्यक्रम पूरे जिलेभर के 4 मंडलों में चल रहा है, जिसमें मोहला, मानपुर, कौडिकसा, अम्बागढ़ चौकी इन सभी में अम्बागढ़ चौकी मंडल सदस्यता अभियान में सबसे आगे है। अगर प्रतिशत में देखा जाए तो सबसे आगे अम्बागढ़ चौकी मंडल है जिसका प्रतिशत 90 प्रतिशत है। वहीं सक्रिय सदस्यता अभियान का प्रतिशत 75? है।

जो कि पूरे जिले में सबसे अधिक है। जिले सहित मंडल स्तर पर चुनाव की सम्पूर्ण तैयारी पूर्ण की जा चुकी है, बूथों में चुनाव कराने के लिए शक्तिकेन्द्र स्तर पर चुनाव सहयोगी, सह सहयोगी बनाये गये है।

अम्बागढ़ चौकी मंडल के प्राथमिक सदस्यता लेने वाले कार्यकर्ताओ ने पार्टी में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की मुहिम शुरू कर दी है। इस अभियान की शुरुआत विगत 3 सितंबर से हुआ है,जो आगे बढ़कर 15 नवंबर 2024 तक चलेगा। अम्बागढ़ चौकी मंडल में 16 शक्तिकेंद्र के 69 बूथ पर 150 सक्रिय सदस्य बनाए गए हैं,जिसके अंदर में 50-50 सदस्य एवं उससे अधिक सदस्यों को जोड़कर मंडल अम्बागढ़ चौकी में प्राथमिक सदस्यों की संख्या कुल 9000 से अधिक हो गए हैं। जिसका ग्राफ पार्टी में दिए ऐप/फॉर्मेट के आधार पर सीधा साफ है।

अम्बागढ़ चौकी मंडल के अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, संयोजक भारत भूषण राजपूत ने सक्रिय सदस्य बनाए गए कार्यकर्ता को और तेजी से सदस्य बनाने की अपील की है। ताकि प्रदेश एवं जिला से में लक्ष्य की पूर्ति की जा सके।

# कमला कॉलेज में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर प्रभावी कार्यशाला सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा एवं रासेयो प्रभारी श्रीमती रामकुमारी धुर्वा के संयोजन में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत एतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। स्त्रोत वक्ता फूलसो राजेश पटेल विभागाध्यक्ष इतिहास शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर विमर्श चर्चा करते हुए छ.ग. में स्वतंत्रता आंदोलन में एक सच्चे देशभक्त वीरनारायण सिंह की जीवन गाथा आजादी के संघर्ष में आदिवासी नेतृत्व एवं उनकी सक्रिय सहभागिता एवं विशिष्ट भूमिका पर उल्लेखनीय उदाहरण पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के मुख्यवक्ता डॉ. शैलेन्द्र सिंह विभागाध्यक्ष इतिहास शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने आदिवासी महानायक बिरसा मुण्डा के जीवन संघर्ष एवं अंग्रेजों के विरूद्ध विशिष्ट, 'उलगुलान' अर्थात् आंदोलन के विशिष्ट पहलूओं को विशेष घटना संदर्भों के साथ उद्घृत किया साथ ही जल-जंगल जमीन की रक्षा, नारी

सुरक्षा और आदिवासी संस्कृति की मार्यादा को बनाए रखने के लिए तत्कालीन अंग्रेजी शासन के विरूद्ध मुण्डा विद्रोह पर उल्लेखनीय रूप से अभिप्रेरक बताया। विशिष्ट उद्बोधन देते हुए सुश्री मणीभास्कर गुप्ता जनभागीदारी अध्यक्ष ने आदिवासी कला संस्कृति को संरक्षित संवर्धित करने का विशेष रूप से आव्हान किया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे सस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने देश प्रदेश की प्रमुख जनजातीयों और उनकी सांस्कृतिक सामाजिक विशिष्टता युक्त परम्पराओं एवं जीवन मूल्यों पर विस्तृत जानकारी के साथ स्वागत उद्बोधन दिया। महाविद्यालय की ओर से डॉ.कृष्ण कुमार द्विवेदी ने आदिवासी संस्कृति और प्रकृति के साथ अनुकूलन की अतिप्रेरक परम्पराओं पर तथा गौरवशाली गाथाओं पर विचार व्यक्त किए तथा विशेष रूप से राजनांदगांव अचल के वीर शहीद रामाधीन गोंड की जीवनगाथा को उदघृत किया। श्रीमती नीलम धनसाय ने छ.ग. के गौरवशाली आदिवासी इतिहास, कला और सांस्कृतिक विरासत पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला का शुभारंभ आदिवासी महानायक बिरसा मुण्डा के भव्य मूर्ति पर समस्त अतिथियों एवं मुख्यजनों ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। आयोजन समिति संयोजक श्रीमती रामकुमारी धुर्वा के प्रमुख निर्देशन में जनजातीय कला समूह नृत्य का मनोरम प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला का श्रेष्ठ संचालन श्रीमती तारा ठाकुर द्वारा किया गया। आयोजन समिति सदस्य डॉ. बृजबाला उइके, सुश्री गीता साहू, उमेश पनरिया एवं फोटोग्राफी कार्य रमन साहू एवं धनेश पटेल द्वारा आयोजन में सक्रिय सहभागिता कर कार्यशाला को सफल बनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में जनजातीय सांस्कृतिक समृद्धि के प्रतीक आभूषण, शस्त्र, वाद्य, नृत्यकला के दृष्यों आकर्षक रंगोली का भी प्रदर्शन किया गया।

# अर्शवीर भाटिया ने क्रिकेट के एक मैच में 17 विकेट लिए

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर 14) में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनंदगांव की टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी अर्शवीर भाटिया ने एक रिकॉर्ड स्थापित किया है।

दल्ली राजहरा के स्टेडियम में खेले गए दो दिवसीय मैच में रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने एक रोमांचक मैच में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव को 54 रनों से हरा दिया ।

उतार चढ़ाव वाले इस मैच में पहले खेलते हुए रायपुर की पूरी टीम 94 रनों पर आउट हो गई। राजनांदगांव की तरफ से उसके फिरकी गेंदबाज अर्षवीर भाटिया ने मात्र 19 रन देकर 8 विकेट लिए वही बैटिंग में उतरी राजनांदगांव की टीम भी मात्र 68 रनों पर आउट हो गई ।दूसरी पारी संभलकर खेलते हुए रायपुर की टीम ने इस बार 167 रन बना लिए इस बार भी अर्षवीर भाटिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 60 रन देखकर 9 विकेट लिये। जीत के लिए 195 रन का पीछा करने उतरी राजनांदगांव की टीम 141 रन ही बना सकी । अर्शवीर भाटिया ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए।इस तरह रायपुर ने लीग आधारित पर होने वाले इस मैच में राजनांदगांव को 54 रनों से हरा दिया। अब जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव का अंतिम मुकाबला भिलाई में छत्तीसगढ़ प्लेट कंबाइंड एकादश से मंगलवार से खेला जावेगा। इस मैच में राजनांदगांव के अर्शवीर भाटिया ने पूरे मैच में 17 विकेट लेकर नया रिकॉर्ड बनाया है। बीएसपी भिलाई के विरुद्ध पहले मैच में भी अर्शवीर भाटिया ने 12 विकेट लिए थे दो मैचो में कुल 29 विकेट लेकर अर्षवीर भाटिया ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# पुलिस ने गौ तस्करी से 27 मवेशियों को कराया मुक्त

बालोद(दावा)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के डौंडीलोहरा ब्लाक के ग्राम रेंगाडबरी में मंगचुवा पुलिस ने गौ तस्करी करते हुए एक वाहन को पकड़ा है, जिसमें 27 मवेशियों को बुरी तरह से ठूसा गया था।

पुलिस ने वाहन को थाने लाकर जब्त कर लिया और घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी। वाहन में छोटे गौ वंशों को भरकर तस्कर ले जा रहे थे।

यह कार्रवाई पुलिस के धरपकड़ अभियान के तहत हुई। हालांकि पुलिस की कार्रवाई में वाहन चालक फरार हो गया है। पुलिस अब वाहन के नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। यह मामला मंगचुवा थाना क्षेत्र का है।

# पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने चलाया विशेष सफाई अभियान

राजनांदगांव (दावा)। दीपावली पर्व के बाद से शहर में जो सफाई व्यवस्था होनी चाहिए वह सफाई कर्मियों के त्योहारी सीजन के चलते छुट्टियों में होने के कारण सफाई व्यवस्था पिछड़ गया है। चंहू ओर खाश कर के मोहारा फ्लाईओवर के आस-पास प्लास्टिक गिलास-खाली पानी पाऊचों की भरमार होने की वजह से अत्यंत गंदगी व्याप्त है। वहीं यह अव्यवस्था अधिकांश निगम सफाई कर्मचारियों के अवकाश में होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई वार्डो में एक-दो, तीन कर्मचारी अपने कर्तव्यों पर उपास्थि प्रदान कर रहे हैं। इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इंदिरा नगर वार्ड नंबर41 के पार्षद, महापौर परिषद के विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व चेयरमैन एवं अखिल भारतीय कांग्रेस एससी-विभाग, बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा-डोंगरगढ़ विधानसभा प्रभारी राजेश गुप्ता चंपू द्वारा स्वयं के व्यय से गठित स्वच्छता ही सेवा संकल्प टीम के सदस्यों के साथ दिनांक 9 नवंबर दिन शनिवार को मोहारा स्थित फ्लाईओवर बायपास रोड एवं इंदिरा नगर मेन रोड पर व्याप्त कचरे को अपने हाथ में झाडु लेकर सफाई व्यवस्था की। सनद रहे कि पार्षद राजेश गुप्ता चंपू विगत दो अक्टूबर से शहर में लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने सफाई जागरूकता अभियान का आगाज किया गया है और वे प्रतिदिन सुबह और शाम को चार-चार घंटे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई जागरूकता अभियान को गति प्रदान करते हुए श्रम कर पसीना बहा रहे हैं। गौरतलब हो कि दीपावली महापर्व के दौरान भी खुद ही हाथ में झाडु लेकर सफाई अभियान व्यवस्था में जी जान से जूटे नजर आए थे।

हाथ में झाडू लिए लगातार कर रहे शहर की सफाई

# समिति प्रबंधकों का हड़ताल खत्म, समर्थन मूल्य में धान खरीदी को मिलेगी गति

राजनांदगांव (दावा)। गत 4 नवंबर से छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारियों के अपने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन का सुंदर पटाक्षेप हो गया है। समिति प्रबंधकों के हड़ताल खत्म होते ही अब 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य की जाने वाली धान खरीदी में अपेक्षित गति आएगी।

बता दें कि सहकारी समिति प्रबंधकों एवं कर्मचारियों का बीते सप्ताह भर तक लगातार अपनी मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन हड़ताल ,आंदोलन का दौर जारी रहा। इस दौरान दुर्ग हड़ताल में शामिल होने जाते समय राजनांदगांव फ्लाई ओवर में समिति के एक सदस्य सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में एक की मौत व दूसरा व्यक्ति बूरी तरह ज़ख्मी हो गया जिसका इलाज जारी है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा संघ के मृतक सदस्य के परिजनों के लिए शासन से 10 लाख मुआवजे की मांग की है वहीं घायल के उचित इलाज के व्यवस्था की मांग की गई है।

### मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक

बता दें कि सहकारी समिति कर्मचारी संघ की 10 नवंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के उपस्थिति में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अशोक बजाज खाद्य सचिव रिचा शर्मा सहकारिता सचिव सहकारिता कमिश्नर अपेक्स बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें सकारात्मक चर्चा हुई और 11 नवंबर एवं 12 नवंबर को खाद्य सचिव का लिखित आदेश मिलने के बाद आंदोलन को समाप्त कर दिया है।

**० मुख्यमंत्री के साथ बैठकर समिति प्रबंधकों की हुई सार्थक चर्चा**
**० कल 14 नवंबर से निर्बाध रूप से होगी धान खरीदी**

सेवा नियम में वेतन वृद्धि दूसरा मांग में प्रबंधकीय अनुदान के लिए अंतर विभाग की कमेटी का गठन 28 फरवरी धान उठाव 28 फरवरी के बाद शेष धान में सुखद का प्रावधान का लिखित आदेश मिलने पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा आंदोलन समाप्त कर दिया गया है।

### काम पर लौटेंगे सभी कर्मचारी

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव व प्रदेश छत्तीसगढ़ सहकारी समिति के महासचिव ईश्वर श्रीवास ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित शासन के मंत्री व अधिकारियों के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में हुई बैठक में संघ के लगभग सभी मांगे मान लिए जाने उपरांत कल 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य में की जाने वाली धान खरीदी के लिए संघ के सभी कर्मचारी अपने-अपने काम पर लौट जाएंगे। इससे शासन के धान खरीदी कार्य को गति मिलेगी।

### किसानों को नहीं बंट पाया था टोकन

बता दें कि 7 नवंबर से किसानों को समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए टोकन वितरण किया जाना था लेकिन समिति प्रबंधकों एवं कर्मचारियों के हड़ताल के चलते टोकन का काम अटक गया था। शुरुआती दो दिनों में किसी भी किसान को टोकन जारी नहीं हो पाया। वहीं साफ्टवेयर में दिक्कत की वजह से आनलाइन भी टोकन नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश छत्तीसगढ़ सहकारी समिति के महासचिव ईश्वर श्रीवास ने बताया कि 'टोकन तूंहर हाथ' आनलाइन एप चालू किए जाने से किसान स्वयं अपना टोकन काट लें रहें हैं। इसलिए अब आनलाइन के माध्यम से टोकन काट चुके किसानों को समय पर अपना धान बेचने से कोई दिक्कत नहीं होगी। बहरहाल शासन के कल 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य में होने वाली धान खरीदी के सभी बादल छंट गए हैं। समिति प्रबंधकों व कर्मचारियों के सभी बातें मान लिए जाने से अब किसी प्रकार का अवरोध नहीं रहा इससे सहकारी समितियों द्वारा धान खरीदी में गति आना लाजिमी है।

# श्री गुरुनानक जयंती के उपलक्ष्य में आज विशाल नगर कीर्तन

**मुख्य आयोजन प्रकाश-पर्व शुक्रवार को**

राजनांदगांव (दावा)। सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु तथा मानवीय एकता के महान संदेश वाहक श्री गुरुनानक देवजी का 555वां आगमन पर्व सम्पूर्ण सिख जगत द्वारा शुक्रवार 15 नवंबर को अपार खुशी हर्षोल्लास एवं सत्कार के साथ प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा भी समूह सिख संगत भाइयों बहनों के सहयोग प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विगत कई दिनों से परंपरागत आयोजन लगातार जारी है। गत 2 माह से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ तथा 11 दिनों से रोजाना प्रातः 5 बजे से प्रभात फेरियों की श्रृंखला अनवरत जारी है। इसी तारतम्य में आज बुधवार 13 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब से दोपहर बाद 3 बजे श्री गुरुग्रथ साहिब की भव्य शोभायात्रा तथा विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। पंज प्यारों की अगुवाई में अरदास उपरांत शोभा यात्रा गुरूघर से आरंभ होगी। भाईयों बहनों के कीर्तनी जत्थे कीर्तन तथा गुरबाणी गायन द्वारा आयोजन को सार्थकता प्रदान करेंगे। शोभायात्रा हेतु इस प्रकाश पर्व पर विशाल वाहन को सफेद रंग के आकर्षक गुरुद्वारे के रूप में तथा अति आकर्षक लाइटों एवं विद्युत झालरों द्वारा सुसज्जित किया गया है। पुष्प वर्षा करती तोप गाडी, 5 घोड़ों पर सुसज्जित छोटे बच्चे तथा शबद कीर्तन करते कीर्तनी जत्थे नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाएंगे। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, गंज लाइन, पुराना बस स्टैंड, जी.ई रोड, भगत सिंह चौक से गुरुनानक चौक होती रात 7 बजे वापिस गुरुद्वारा पहुंचेगा। जहां 1 घंटे के हजूरी रागी जत्थे भाई दलजीत सिंह का शबद कीर्तन आयोजित है, तत्पश्चात अरदास, सुखासन तथा गुरु का लंगर वितरित होगा। प्रकाश पर्व हेतु गुरूद्वारा साहिब को विद्युत झालरों से सुसज्जित तथा पूरे रास्ते को विशेष रूप से गेट आदि से सजाया गया है।

आगमन पर्व हेतु दरबार साहिब अमृतसर के रागी जत्थे भाई भूपिंदर सिंह को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जो 14 नवंबर तथा 15 नवंबर को सुबह तथा रात के दीवान में भक्तिमय शबद कीर्तन द्वारा संगत को भाव विभोर करेंगे। इसके साथ ही हजूरी रागी जत्था भाई दलजीत सिंह भी लगातार 13 से 15 नवंबर तक दोनों दीवान में शबद कीर्तन द्वारा संगत को भक्ति भावना से जोड़ कर प्रेरित करेंगे। प्रकाश पर्व का मुख्य आयोजन शुक्रवार 15 नवंबर को आयोजित होगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. सुरजीत सिंह भाटिया तथा सचिव स.यशपाल सिंह भाटिया ने समूह सिख संगत भाईयों बहनों को श्री गुरुनानक देवजी के आगमन पर्व की बधाईयां देते हुए निवेदन किया है कि नगर कीर्तन तथा आगमन पर्व के सभी आयोजनों में उपस्थित होकर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करें।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(रसीटर) केटा, वेन्यू, एक्सेट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।
-:बग्गा ट्रेवल्स:-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

# तृतीय दादा गुरुदेव श्री जिन कुशल सूरी महाराज की 744वीं जन्म जयंती मनाई गई

राजनांदगांव (दावा)। प्रकट प्रभावी, कलिकाल कल्पतरू, भक्तजन वत्सल, शासन प्रभावक, अतिशयधारी, हजारों नूतन जैन निर्माता, मालपुरा में प्रत्यक्ष दर्शन देने वाले, जैन जगत के तृतीय दादागुरूदेव प्रातः स्मरणीय युगप्रधान दादा श्रीजिनकुशलसूरिजी का 744वाँ जन्मोत्सव निमित्त मिगसर बदी तीज, दिनांक 18 नवम्बर सोमवार को स्थानीय- दादा श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी ओसवाल लाईन में, पूज्य दादागुरूदेव के उपकारों का स्मरण करते हुए भक्तिमय भावों से प्रातः 7:30 बजे से श्री दादा गुरूदेव की पूजा, विनय बैद एवं संजय बागरेचा एवं इन्हीं के द्वारा रात्रि 8 बजे से श्री गुरू इकतीसा का जाप तथा दोपहर 3 बजे से फल वितरण एवं जीवदया का कार्यक्रम एवं रात्रि में गुरू इकतीसा के बाद गुरू भक्ति भजन सम्राट राहुल झाबक के द्वारा, इसी दरम्यान परम् गुरू भक्त श्रीमती सायरबाई गोलछा (86 वर्ष), ध.प. स्व.उत्तमचंद गोलछा का सम्मान भी किया जायेगा। तत्पश्चात् लक्की ड्रा एवं 108 दीपक की महाआरती होगी। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ एवं श्री दादा गुरूभक्त मंडल की इस मधुर बेला में सभी गुरूभक्तों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि सभी कार्यक्रमों में अपना बहुमूल्य समय निकाल कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

# हार्ट अटैक से मेडिकल कालेज हास्पीटल की 29 वर्षीय महिला डाक्टर की मौत

**मेडिकल कालेज हास्पीटल के डाक्टरों में शोक की लहर**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के पेण्ड्री स्थित मेडीकल कालेज अस्पताल मे पदस्थ एक 29 वर्षीय महिला डाक्टर की मौत हो गई है। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। मेडीकल कॉलेज अस्पताल के पीआरओ द्वारा बताया गया कि महिला चिकित्सक भाविका ठाकुर मेडीकल कालेज अस्पताल मे कैजुअल्टी डॉक्टर के रुप मे पदस्थ थी। महिला चिकित्सक रोज की तरह नियमित ड्यूटी के लिए अपने घर मे मेडीकल कालेज अस्पताल जाने की तैयारी में थी उसी दौरान उसके सीने मे अचानक दर्द उठा और वह घर के सामने गिर पडी। जिसे देखते ही उसके पिता दीपक ठाकुर द्वारा तत्काल कार में उपचार हेतु मेडीकल कालेज लाया गया लेकिन अस्पताल पहुचने से पहले ही डॉ भाविका ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। महिला डॉक्टर को मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का कारण हार्ट अटैक आना बताया जा रहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय में कार्यरत रहे डॉ भाविका का पीजी कोर्स के लिए भी चयन हुआ था। एमबीबीएस की डिग्री लेने के बाद वह मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में ही वह संविदा पर कार्यरत थी। कुछ समय पहले जिला चिकित्सालय में लैब टैक्नीशियन के रुप में पदस्थ भाविका की माता माधुरी ठाकुर का भी निधन हो गया था व हाल में डॉ. भाविका के साथ हुई इस तरह की दुःखद घटना से मेडिकल कॉलेज हास्पीटल के डॉक्टरों में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि सौम्य व्यवहार की धनी मृदुभाषी महिला डॉ. सुश्री भाविका ठाकुर शिक्षा विभाग से जुड़े व सलोनी स्कूल के प्राचार्य दीपक ठाकुर की सुपुत्री है। डॉ भाविका के कम उम्र में ही आकस्मिक निधन से उनके परिवार में एक प्रकार से बड़ा वज्रघात हुआ है। इस अचानक की घटना से उनके धर-परिवार वालों मातम पसरा गया है और उनके इष्ट- मित्र व परिजनों में शोक की लहर व्याप्त है।

### कम उम्र में देखें जा रहे इस तरह के केसेज

मेडिकल कॉलेज हास्पीटल के पीआरओ ने बताया कि इस तरह के हार्ट अटैक के केसेज कम उम्र के लोगों में ज्यादा देखने मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि यंग लोगों में देर रात तक जागना व गरिष्ठ भोजन करना तथा कसरत-व्यायाम आदि नहीं करना भी इस तरह की घटनाओं की वजह है। उन्होंने बताया कि आजकल के लाईफ स्टाइल से भी इस तरह के हार्ट अटैक के केसेज आ रहें हैं।

### कसरत- व्यायाम किया जाना जरूरी

पीआरओ ने बताया कि उनके हिसाब से हर व्यक्ति को रोजाना 30-40 मिनट कसरत करना चाहिए। योग, आसान, प्राणायाम आता है तो यह और भी बहुत अच्छा है। वहीं नौकरी पेशा लोगों को अपने काम से समय निकाल कर 2-4 मिनट के लिए है सही पर कसरत-व्यायाम कर लेना चाहिए। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए समय पर नींद लेना बहुत जरूरी बताया और कहा कि 7-8 घंटे की नींद पर्याप्त है। इससे शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है, और शरीर का हर अंग स्वस्थ व स्फूर्ति मय बना रहता है।

**डॉ. पवन जेठानी**
**पीआरओ, मेडिकल कॉलेज**
**हास्पीटल पेंड्री - राजनांदगांव**

## भव्य भजन संध्या ....

राजनांदगांव (दावा)। खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर भव्य भजन संध्या में प्रयागराज की श्याम दीवानी जूली सिंह सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देते हुए।

# केन्द्र ने अग्निशमन सेवाओं के लिए छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों को 725 करोड़ रुपये दिये

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए 725 करोड़ रूपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने सोमवार को यहां 'राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण' योजना के तहत छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए 725.62 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय के अनुसार समिति ने छत्तीसगढ़ के लिए 147.76 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 201.10 करो? रुपये और पश्चिम बंगाल के लिए 376.76 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। उच्च स्तरीय समिति में केन्द्रीय वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। गृह मंत्रालय ने देश में आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की है। देश में आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करके आपदाओं के दौरान जान-माल को होने वाले किसी भी बड़े नुकसान को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत 5000 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं, 15 राज्यों के 2542.12 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दे दी गई है।

# सीबीएसई रीजनल विज्ञान प्रदर्शनी में वेसलियन प्रथम

**नन्हें वैज्ञानिकों ने जीत लिया निर्णायकों का दिल**

राजनांदगांव (दावा)। स्कूली बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि एवं उनके अंदर छिपे वैज्ञानिक गुण को परखने सीबीएसई के बैनर तले रीजनल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन अंचल के कृष्णा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, रायपुर में किया गया। प्रदेश भर से स्कूलों के बच्चों ने उक्त प्रदर्शनी में अपने कौशल का प्रदर्शन किया, स्थानीय वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने प्रथम स्थान अर्जित कर संस्कारधानी नगरी को गौरवान्वित किया ।

नगर की सबसे प्राचीन वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य अजीत स्कॉट ने बताया कि रीजनल विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के वैज्ञानिक मन को टटोलने का श्रेष्ठ माध्यम है। राज्य की राजधानी रायपुर में आयोजित उक्त प्रदर्शनी में शाला के विद्यार्थियों ने एग्रो इकोलॉजिकल रिसोर्स मैनेजमेंट पर अपना वर्किंग मॉडल बेहतर व्याख्या के साथ प्रदर्शित किया। साथ ही सोलर प्लांट में सोलर पैनल को साफ करने वाले पानी का उपयोग और प्रबंधन वर्टिकल गार्डनिंग एवं मछली पालन में किस तरह किया जा सकता है, उसकी पूरी प्रक्रिया विद्यार्थियों ने बड़े ही रोचक अंदाज में प्रदर्शित किया।

कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा कु. मंतशा इकबाल एवं कु.धारा सिंह ने प्रस्तुत विषय पर निर्णायकों की जिजीविषा को बड़े ही सटीक ढंग से संतुष्टि प्रदान की। विद्यार्थियों ने अतिरिक्त सोलर पैनल के नीचे की रिक्त भूमि में वर्मी कंपोस्ट उत्पादन और मधुमक्खी पालन की पूरी प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन कर निर्णायकों सहित दर्शकों का भी मन जीत लिया। शाला के बच्चे निरंतर नवाचार और वैज्ञानिक अभिरुचि के लिए शाला में स्थापित अटल टिंकरिंग लब के माध्यम से उच्च वैज्ञानिक क्षमता को प्राप्त कर रहे हैं। शाला प्राचार्य अजीत स्कॉट के साथ शिक्षक मुकेश देवांगन तथा कु.मंजरी यदु के मार्गदर्शन में मिली सफलता पर प्रबंधकों ने बधाई दी है।

# आज श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ

**श्री श्याम महिला मंडल का भव्य आयोजन**

**अग्रसेन भवन में होगा महोत्सव**

राजनांदगांव (दावा)। खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल एकादशी 12 नवंबर को संपूर्ण भारतवर्ष में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। श्री श्याम महिला मंडल की स्थानीय इकाई द्वारा इस अवसर पर फागुन शुक्ल द्वादशी को श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ का भव्य आयोजन अनेक वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। आज 13 नवंबर बुधवार को श्री अग्रसेन भवन में भव्य महोत्सव की व्यापक तैयारियां की गई है। श्री श्याम महिला मंडल की रंजना श्रीकिशन शर्मा, वीणा ईश्वर अग्रवाल, शोभा कमलनारायण अग्रवाल एवं बिंदु सुरेंद्र मित्तल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आज कार्तिक शुक्ल द्वादशी 13 नवंबर बुधवार को दोपहर 2:00 बजे से श्री अग्रसेन भवन में संगीतमय श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन कर अमृत वर्षा की जाएगी। इस दौरान श्री अग्रसेन भवन को श्याम धाम के रूप में सजाया संवारा गया है, श्याम प्रभु के अलौकिक दरबार का दर्शन श्रद्धालु भक्त करेंगे, छप्पन भोग लगाया जाएगा एवं अखंड ज्योत प्रचलित की जाएगी। जिसमें प्रत्येक भक्त को आहुति प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा। श्री श्याम महिला मंडल आयोजन समिति ने श्रद्धालु भक्त माता-बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ में उपस्थित होकर श्याम प्रभु का विशेष आशीर्वाद प्राप्त करें।

**खाटू श्याम बाबा व श्री दासी श्याम प्रभु कि शोभायात्रा का भव्य पुष्प वर्षा से स्वागत बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा**

राजनांदगांव(दावा)। नगर की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा श्री खाटू श्याम कि निशान यात्रा एवं श्री दासी श्याम प्रभु कि दिव्य भव्य शोभायात्रा का भव्य पुष्प वर्षा कर एवं अल्पाहार फलाहारी मिक्सचर वितरण श्री सत्यनारायण मंदिर परिसर से उपस्थित भक्तों को किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक राजू अग्रवाल, मंदिर के पुजारी बद्री महराज संस्था अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदेश जैन, प्रचार प्रमुख रितेश यादव, सचिव सौरभ खंडेलवाल संस्था सदस्य एवं अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष प्रभात गुप्ता बाल रत्न मंच सेवा समिति के सदस्य महेश शर्मा, लोकेश अग्रवाल दिनेश अग्रवाल मनीष यादव, प्रशांत अग्रवाल, करण अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, विमल शर्मा, दीपक पटेल रितेश शर्मा राजू लेंजवार द्वारा स्वागत में सम्मिलित थे। उपरोक्त जानकारी बाल रत्न मंच सेवा समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं प्रचार प्रमुख रितेश यादव ने दी।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने रात को एक व्यक्ति को कुचला, दर्दनाक मौत

पेज 8 (12 नवम्बर 2024-विक्की)

**० आक्रोशित ग्रामीणों ने रात मे ही सड़क पर आकर किया चक्काजाम**
**० मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख मुआवजे की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़ जाने वाले मार्ग में ग्राम बोरी के पास सोमवार रात को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। उसे तेज रफ्तार बोलेरो ने पीछे से मार के निकल गया। घटना को अंजाम देकर भाग रहे बोलेरो को ठेलकाडीह में पकड़ लिया गया है।

बताया जाता है कि ग्राम बोरी का रहने वाला 50 वर्षीय वेदराम जो कि ग्राम गठुला में काम करता था वह सोमवार की रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे सायकल से अपने घर जा रहा था उसी समय तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो वाहन ने उसे पीछे टक्कर मारते हुए आगे निकल गया। उक्त दुर्घटना में वेदराम बुरी तरह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही चिखली थाने व कोतवाली पुलिस द्वारा घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज हास्पीटल भेजा गया। जहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।

उक्त घटना से 100-150 की संख्या में आक्रोशित ग्रामवासी व मृतक के परिजनों ने सड़क पर आकर चक्काजाम कर दिया। इससे खैरागढ़ मुख्य मार्ग में दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। आक्रोशित ग्रामवासी मृतक वेदराम देवांगन के परिजनों को 25 लाख मुआवजा व घटना स्थल के पास स्टार बनाए की मांग पर अड़े हुए थे। मौके पर तहसीलदार मनीष वर्मा, सीएसपी पुष्पेंद्र नायक कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू सहित पुलिस बल तैनात रही, तब तक चक्का जाम जारी रहा।

तहसीलदार श्री वर्मा ने बताया कि ऐसे दुर्घटना के मामले में राजस्व विभाग द्वारा जो राशि तय है वह मृतक के परिजनों के हाथों 25 हजार रुपए मौके पर दें दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम हटा दिया। श्री वर्मा ने बताया कि आरोपी वाहन बोलेरो को पकड़ लिया गया है। आरोपी बोलेरो चालक के खिलाफ पुलिस द्वारा कारवाई की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com